CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, बुधवार 30 जुलाई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 339 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले केंद्र सरकार: प्रियंका गांधी पेज 2



सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर शामिल खेल टाइम्स



दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी सम्पादकीय



नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन पेज़ 12


### विपक्ष अखबारों की सुर्खियों में जगह बना सकता है, लेकिन लोगों के दिलों में नहीं

# ऑपरेशन सिंदूर: मोदी ने विपक्ष को खूब किया लाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे। क्वाड, ब्रिक्स, फ्रांस, रूस, जर्मनी समेत तमाम देश दुनियाभर से भारत को समर्थन मिला। लेकिन देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला।

22 अप्रैल के बाद तीन-चार दिन में ही ये उछल रहे थे। कहने लगे कि कहां गया मोदी? मोदी फेल हो गया। बड़ा मजा ले रहे थे। उनको पहलगाम के निर्दोष लोगों की हत्या में राजनीति दिख रही थी। अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साधा रहे थे। उनकी बयानबाजी और छिछोरापन देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा रहा था। कांग्रेस के नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न सेना पर। इसलिए वे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके वे देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। पीएम मोदी ने कहा कि नेवी, आर्मी, वायुसेना तीनों के संयुक्त प्रयास ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। पहले आतंकियों के मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। अब स्थिति बदल गई है। अब हमले के बाद उनको नींद नहीं आती। उनको पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा। ये न्यू नॉर्मल भारत ने सेट कर दिया है। दुनिया ने देख लिया कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधु तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका**

**संरा के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे**

### पहलगाम हमले के आतंकी मुठभेड़ में मारे गए: शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। श्री शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सोमवार को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। सुलेमान आतंकी संगठन लश्कर का ए श्रेणी आतंकी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हुए ए श्रेणी के आतंकवादी थे।

### राज्यसभा में नड्डा के बिगड़े बोल, खड़गे से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के -शेष पृष्ठ दो पर

### विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति व राज्यपाल की मंजूरी कब तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा कि शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे।

### आठ अतिरिक्त जजों को स्थायी जज, सात के कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने आठ अतिरिक्त न्यायाधीश की स्थाई न्यायाधीश पद पर नियुक्ति और सात का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान के मुताबिक कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, न्यायमूर्ति किरणमई मांडवा उर्फ किरणमई कनपर्थी, न्यायमूर्ति सुमति जगदम और न्यायमूर्ति न्यापति विजय के नामों की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल और कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति गुरुसिद्धैया बसवराज के नाम का प्रस्ताव किया गया है।

### चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय किए पत्र प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।

# एआई के सहारे फर्जी फैसले कोर्ट में रखे जा रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं। कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर एआई ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है। जस्टिस बिंदल सोमवार को ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी. अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया। मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे। जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- युवा वकील इससे सावधान रहें, सीनियर अधिवक्ता उन्हें समझाएं**



# बिहार में 65 लाख के मताधिकार से वंचित होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वह हस्तक्षेप करेगा**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

### वडोदरा नाव दुर्घटना पीड़ितों को छह सप्ताह के अंदर अनुग्रह राशि दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के वडोदरा में नाव दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.2 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि छह सप्ताह के भीतर संबंधित परिजनों को तर्कसंगत आधार पर वितरित करने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि ये राशि 18 जनवरी, 2024 को हुई नाव दुर्घटना में मारे गए 12 बच्चों और 2 शिक्षकों के परिजनों को वितरित की जाए।

### SC कॉलेजियम ने की बॉम्बे और दिल्ली हाईकोर्ट में 4 जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में तीन और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत के बयान के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ता अजीत भगवानराव कडेथांकर, आरती अरुण साठे और सुशील मनोहर घोडेश्वर को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने प्रस्ताव किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 28 जुलाई को हुई बैठक में न्यायाधीशों के नियुक्ति की सिफारिश से संबंधित यह फैसला किया गया।

# हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एमपी में भोपाल सहित 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी- जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया। राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली व सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक- चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।



### दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली- एनसीआर और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

### उपग्रह निसार का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। इस 2,400 किलोग्राम वज़नी उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार निसार उपग्रह से जुड़े मिशन को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है। 30 जुलाई को प्रक्षेपण चरण के बाद उपग्रह अपने 'तैनाती' चरण में प्रवेश करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में निसार के 12 मीटर व्यास वाले 'रिफ्लेक्टर' को कक्षा में जटिल रूप से 'खोलना' शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, थरूर व तिवारी रहे दूर

## मनीष तिवारी ने लिखा-भारत का रहने वाला हूं..., शशि थरूर ने कहा था-मौनव्रत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में चल रही ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी की ओर से न बोलने दिए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बाद मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, इसमें बताया गया था कि थरूर और उन्हें क्यों बोलने नहीं दिया गया। तिवारी ने इसके साथ पूरब और पश्चिम फिल्म के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखी कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद!। वहीं, अपने पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने मीडिया से कहा कि अगर तुम मेरी चुप्पी नहीं समझ सकते, तो मेरी बातों को कभी नहीं समझ पाओगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि मौनव्रत... मौनव्रत। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। थरूर ने दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। वहीं, तिवारी एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में शामिल थे। जब मनीष तिवारी से उनके बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर आप मेरी खामोशी नहीं समझते, तो मेरे शब्द भी नहीं समझ पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि पार्टी ने जानबूझकर नए सांसदों को मौका दिया, क्योंकि थरूर और तिवारी जैसे नेता विदेश में सरकार के समर्थन में बोल चुके हैं। पार्टी अब चाहती है कि संसद में सरकार की आलोचना हो और विपक्ष की आवाज सामने आए। इसलिए ऐसे नेताओं को चुना गया जो पूरी तरह पार्टी लाइन पर हों। शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेता अक्सर अपनी अलग राय रखते हैं। हाल में जब वे विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, तब उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मुद्दों पर सरकार की तारीफ की थी।



**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश यात्रा के दौरान मोदी सरकार की तारीफ की थी**

# प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए।

ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा। सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता करेंगे पिपलोदी गांव का दौरा : खड़गे

**नई दिल्ली।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में स्कूल की जर्जर बिल्डिंग गिरने की घटना में सात बच्चों की मौत के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं को वहां जाकर संबंधित पहुलओं की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया और राजस्थान प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष बाबूलाल सांखला और अनुसूचित जनजाति विभाग के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा बुधवार को झालावाड़ का दौरा करेंगे। ये नेता पीड़ति परिवारों से मुलाकात करेंगे और अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपेंगे।

### सुकमा: मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अंदरुनी इलाके में नक्सलियों की ओर से मनाये जा रहे शहीदी सप्ताह के दौरान पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि मौके पर बारूदी सुरंग के चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार शाम जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान पर निकली थी। मंगलवार सवेरे से पुलिस और नक्सलियों के बीच रूक-रूक गोलीबारी जारी है। बारूदी सुरंग की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए जबकि मुठभेड़ जारी है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में बोलीं प्रियंका गांधी वाड्रा

# पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए।



#### पाक के खिलाफ कार्रवाई क्यों रुकी

उनका कहना था कि पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कियदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाक आतंकवाद को पनाह देता है उसी को संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है।

#### जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं थी सुरक्षा

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा क्यों नहीं थी। क्या सरकार को मालूम नहीं था कि वहां इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं तो उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां लोग सरकार से सुरक्षा के भरोसे गये थे लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने सवाल किया कि वहां लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की नहीं है।

#### हमले की आरोपी आतंकी गुट के पर क्यों नहीं कुतरे

प्रियंका ने कहा कि एक आतंकी गुट इस हमले की जिम्मेदारी लेता है। इस गुट ने 2025 तक 25 आतंकवादी हमले किये हैं। इसमें रियासी का 2024 का हमला भी था जिसमें नौ लोग मारे गए थे। आखिर सरकार इस आतंकवादी गुट के पर कतरने में विफल क्यों रही। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इस सदन में जितने लोग हैं सबके पास सुरक्षा है लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवारों के साथ जो हुआ, जितने लोग मारे गए उनमें 25 भारतीय थे।

### सरकार बताए किसके दबाव में हुआ युद्धविराम: सपा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनीति लाभ लेने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए कि किससे दबाव में युद्धविराम किया गया जबकि देश की सेना को बढ़त हासिल थी। सपा के अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में सेना की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को अवश्य बाताना चाहिए किसके दबाव में युद्धविराम हुआ। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि किस प्रकार खुफिया की विफलता रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सदन में सत्ता पक्ष के लोग ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे जनता सम्मोहित हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। 370 के खात्मे के बाद सरकार ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा।

# हम चट्टान की तरह सरकार के साथ: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए

लोस में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और पहलगाम हमले की निंदा की, पाकिस्तान की खूब क्लास लगाई और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था। युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी ने इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था। विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे। मैं करनाल में नरवाल के घर गया। मैंने उनका दुख महसूस किया। कानपुर में दूसरे परिवार से मिला। जब भी मैं सेना के किसी व्यक्ति से मिलने के दौरान हाथ मिलाता हूं तो मुझे पता लग जाता है कि यह टाइगर है। सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है। सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। राहुल ने कहा कि जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिब(ता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

# श्रीनगर: यातना मामले की सीबीआई जांच शुरू

**श्रीनगर।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल खुर्शीद अहमद चौहान को हिरासत में यातना दिए जाने के मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।।

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए गत 26 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस के छह अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें पुलिस उपाधीक्षक एजाज अहमद नायको, उप-निरीक्षक रियाज़ अहमद और चार अन्य जहांगीर अहमद, इम्तियाज़ अहमद, मोहम्मद यूनिस और शाकिर अहमद शामिल हैं । ये सभी कुपवाड़ा स्थित संयुक्त पूछताछ केंद्र में तैनात हैं। प्राथमिकी में आपराधिक षड्यंत्र, हत्या का प्रयास, जानबूझकर चोट पहुंचाना और गंभीर चोट पहुंचाना, खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना और तीन या उससे अधिक दिनों तक गलत तरीके से बंधक बनाए रखना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र कुंडू के नेतृत्व में सीबीआई अधिकारियों की टीम कल जांच शुरू करने के लिए श्रीनगर पहुंची। जिला पुलिस मुख्यालय बारामूला में तैनात कांस्टेबल खुर्शीद चौहान को पुलिस ने मादक पदार्थ मामले की जांच के सिलसिले में 20 फरवरी-2023 को एसएसपी कुपवाड़ा के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए बुलाया था।

### कांवड़ को अनपढ़ों की यात्रा बताने वाले सपा पर भड़की भाजपा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बलिया से समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कांवड़ यात्रा पर विवादित बयान देते हुए इसे अनपढ़ों की यात्रा बताया है।

भारतीय जनता पार्टी ने रिजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ये बयान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इशारे पर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी हो जाए तो सर तन से जुदा के नारे लहराने लगते हैं, लेकिन हिंदू धर्म, धर्मग्रंथों, साधु संतों,रीति रिवाज और परंपराओं पर कोई कुछ भी मनमाने पूर्ण ढंग से अपमानित कर देता है, इसका प्रबलता से विरोध भी नहीं होता।

# यूपी में 23 आईएएस का तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेधा रूपम बनीं नोएडा की नई जिलाधिकारी
■ रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद की कमान

**लखनऊ।** यूपी में इस बार 23 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। 10 जिलों के जिलाधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। गोरखपुर, गाजियाबाद, ललितपुर, बहराइच, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), कासगंज, गोंडा, कानपुर देहात, मिर्जापुर और प्रयागराज के जिलाधिकारी बदले गए हैं। कासगंज की डीएम रहीं मेधा रूपम को बड़ी जिम्मेदारी मिली है, योगी सरकार ने उन्हें नोएडा की कमान सौंपी है।

प्रयागराज के डीएम रहे रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद का नया डीएम बनाया गया है। बता दें कि कुल 23 आईएएस अधिकारियों का



सोमवार रात ट्रांसफर किया गया। आईएएस दीपक मीना को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इस प्रकार आईएएस रविंद्र कुमार मांदड़ डीएम गाजियाबाद, मनीष वर्मा डीएम प्रयागराज, मेधा रूपम डीएम नोएडा, प्रणय सिंह डीएम कासगंज, कपिल सिंह डीएम कानपुर देहात, अक्षय त्रिपाठी डीएम बहराइच, अमन दीप डुली डीएम ललितपुर, पवन कुमार गंगवार डीएम मिर्जापुर और प्रियंका निरंजन डीएम गोंडा बनी हैं। गोंडा की जिलाधिकारी रहीं नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी रहीं मोनिका रानी को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81337.95 | निफ्टी 2482110 | सोना रु. 98274 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 113590 प्रति किलो

# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को चौतरफा लिवाली के दम पर बीएसई का संसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,337.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.20 अंक (0.57 प्रतिशत) चढ़कर 24,821.10 अंक पर पहुंच गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के साथ एलएंडटी और भारती एयरटेल ने भी बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सुबह गिरावट में रहे। संसेक्स करीब 271 अंक टूटकर 80,620.25 अंक पर खुला और 80,575.45 अंक तक उतर गया। यूरोप में बाजार खुलने और वहां तेजी रहने से दोपहर बाद घरेलू बाजारों में भी लिवाली शुरू हो गई और संसेक्स बीच कारोबार में 81,429.88 अंक को छूने में कामयाब रहा।

इसी प्रकार, निफ्टी.50 भी 30 अंक की गिरावट में 23,663 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 23,620.90 अंक रहा जबकि ऊपर यह 23,936 अंक तक गया। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.21 प्रतिशत और एलएंडटी का 2.13 प्रतिशत की मजबूती में रहा। एशियर पेंट्स में 1.81 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.48 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक 0.73 प्रतिशत की गिरावट आई।

एनएसई में ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.81 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 में 1.03 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। रियलिटी, फार्मा और हेल्थकेयर के साथ ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों में भी तेजी रही। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 0.79 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ।

### एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ एमओयू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में स्वच्छ परिवहन और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों के विकास में तेज़ी लाने के लिए भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नवाचार-केंद्रित 50 से अधिक स्टार्टअप्स के गठबंधन स्टार्टअप पॉलिसी फ़ोरम (एसपीएफ) के नेतृत्व में 'बिल्ड इन भारत' पहल के अंतर्गत यह सहयोग किया जा रहा है। यह समझौता ज्ञापन डीपीआईआईटी और एथर एनर्जी के बीच व्यापक साझेदारी की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी हुई और महंगी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 172 रुपए गिरकर 98,274 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

चांदी की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,984 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,112 रुपए बढ़कर 98,274 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव 27,573 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए पर पहुंच गया है।

# प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात बढ़ाने की जरूरत

### उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से विषय पर सेमिनार में बोले मंत्री

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि देश के खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात की हिस्सेदारी फिलहाल 23 प्रतिशत है जिसे और बढ़ाने की जरूरत है।

श्री पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना: उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से' विषय पर आयोजित एक क्षेत्रीय सेमिनार में कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अभी अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर किसानों और छोटे उद्यमियों के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश तब तक वास्तव में सक्षम नहीं बन सकता जब तक हमारे किसान सशक्त न हों। इस दिशा में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना एक परिवर्तनकारी कदम है जो फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देता है और किसानों को सीधे वैश्विक बाज़ारों से जोड़ता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश से प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात का हिस्सा 2013 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 23 प्रतिशत हो गया है। यह एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के अनेक राज्य, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि उत्पादन में अग्रणी होने के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपेक्षाकृत पीछे हैं। ऐसे राज्यों में कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स जैसी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने की जरूरत है। सेमिनार में उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। श्री पासवान ने घोषणा की कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' का आयोजन इस वर्ष सितंबर में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर..** है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले की उसके आका और पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट है कि अब भारत पर हमला हुआ, तो हम अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेंगे। कोई भी परमाणु हमले की धमकी नहीं चलेगी। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हमने बहावलपुर, मुरीदके को ध्वस्त कर दिया। तीसरा पक्ष पाकिस्तान की परमाणु धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। भारत ने सिद्ध कर दिया कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी और भारत नहीं झुकेगा। चौथा पक्ष भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई। पाकिस्तान के सीने पर सटीक प्रहार किया। उसको भारी नुकसान हुआ। आज तक उनके कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। आज तकनीकी आधारित युद्ध का युग है। ऑपरेशन सिंदूर इसमें सफल हुआ है। पिछले 10 साल में जो हमने तैयारियां की हैं वो न की होती, तो हमारा नुकसान बहुत होता। पांचवां पक्ष आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना। मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तान के हथियारों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आज भी आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। हमारी सेना की सफलता का पहला पक्ष है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना को अंदाजा लग चुका था कि भारत बड़ी कार्रवाई करेगा। उनकी तरफ से परमाणु बम की धमकी के बयान आने लगे थे। भारत ने छह मई की रात और सात मई की सुबह बड़ी कार्रवाई की। पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला ले लिया। दूसरा पक्ष पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई कई बार हुई है, लेकिन पहली बार भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए, वहां हम पहुंचे। पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं कर दिया। पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोंकने की साजिश थी। देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। 22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से और विश्व को समझाने के लिए अंग्रेजी में कहा था कि हम आतंक को मिट्टी में मिला देंगे। सजा उनके आकाओं को भी होगी। कल्पाना से भी बड़ी सजा मिलेगी। 22 अप्रैल को मैं विदेश से लौटा और आने के बाद मैंने बैठक बुलाई। हमने साफ निर्देश दिए कि आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा। ये हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें हमारे सैन्य बलों की क्षमता पर विश्वास है। सेना को खुली छूट दे दी गई। कहा गया कि सेना तय करे कि कब, कहां, कैसे, किस प्रकार से हमला करना है। सत्र के प्रारंभ में मैंने सांसदों से कहा था कि यह सत्र भारत के विजयोत्सव का है।

**राज्यसभा में...** सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया।

# यूपी में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नवंबर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी कर रही है, जिसके माध्यम से एक और बड़ा निवेश धरातल पर उतरने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब तक दो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है।

पहला समिट 2018 में, जिसमें 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। वहीं, दूसरा समिट 2023 में, जिसमें रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ही सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से धरातल पर उतरे निवेश ने प्रदेश को एक नई पहचान दिलाई है। क्षेत्रवार परियोजनाओं का विश्लेषण करें तो निवेश परियोजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र (62.25 प्रतिशत) का है। सेवा क्षेत्र में 28.09 प्रतिशत परियोजनाएं हैं, जबकि शेष निवेश अवस्थापना और अन्य क्षेत्रों में हुआ है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की स्पष्ट नीतियों, पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण ने प्रदेश को एक नए औद्योगिक युग में पहुंचा दिया है। योगी के अब तक के शासनकाल में प्रदेश में 16 हजार से अधिक निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनमें से आठ हजार से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि आठ हजार से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस, औद्योगिक भूमि की आसान उपलब्धता, बेहतर कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और प्रशिक्षित मानव संसाधन जैसे कारकों के चलते उत्तर प्रदेश आज देश-विदेश के निवेशकों का विश्वसनीय निवेश गंतव्य बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उनका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन पर बनेगा प्लान

## व्यवस्थाओं के लिए मंडलायुक्त को बनाया गया नोडल अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को चिन्हित किया जाएगा जहां पर भीड़ की अधिकता से भगदड़ जैसी घटना की संभावना बन सकती है। उनमें भीड़ प्रबंधन और व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में प्रदेश के महत्त्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबन्धन आदि के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार के मनसा देवी में श्रद्धालुओं में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए प्रदेश के ऐसे सभी धार्मिक स्थलों, जहाँ महत्त्वपूर्ण दिवसों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ जैसी घटनाओं की आशंका बनी रही है, को चिन्हित कर उन में अंशकालिक एवं दीर्घकालिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु सचिव शैलेश बगौली, धीराज सिंह गरब्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में माध्यम से कमिश्नर कुमायूँ दीपक रावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### विशेषज्ञ करेंगे क्राउड मैनेजमेंट सर्वेक्षण

मुख्य सचिव ने कहा कि धार्मिक स्थलों के मार्गों में सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाए। मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों में भीड़ प्रबंधन के लिए तकनीक का प्रयोग भी किया जाए। कहा कि धार्मिक स्थलों में अत्यधिक भीड़ होने पर मार्गों में श्रद्धालुओं को रोके जाने हेतु स्थल तैयार किए जाएँ, और एसओपी भी बनेगी।


### रुट और सर्कुलेशन प्लान तैयार करेंगे

मुख्य सचिव ने कहा की प्रत्येक धार्मिक स्थल के लिए रूट और सर्कुलेशन प्लान तैयार किया जाए, ताकि धार्मिक स्थलों में अचानक भीड़ ना हो। भीड़ होने की संभावना को देखते हुए श्रद्धालुओं को रोके जाने के लिए पूर्वनिर्धारित स्थानों में रोका जाए। मुख्य सचिव ने श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन करने के लिए तकनीक का उपयोग करते हुए भीड़ प्रबंधन तंत्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी प्रकार की भौतिक एवं तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### पहले चरण में महत्वपूर्ण मंदिरों का होगा सर्वेक्षण

मुख्य सचिव ने अधिक महत्त्वपूर्ण मंदिरों को प्राथमिकता पर लेते हुए पहले चरण में मनसा देवी, चंडी देवी, नीलकंठ, कैंची धाम और पूर्णागिरि मंदिर का विशेषज्ञों के माध्यम से विश्लेषण करा लिया जाए। स्थानीय प्रशासन एवं धार्मिक स्थलों के हितधारकों को विशेषज्ञों की टीम को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# गुलदार का आतंक: दो पर हमला, एक की हालत गंभीर



- रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि और पौड़ी के श्रीनगर की घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में गुलदार का आतंक एक बार फिर बढ़ने लगा है। रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिले में गुलदार के हमले से दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि क्षेत्र में एक महिला पर गुलदार ने कमरे में सोते समय हमला किया। गुलदार ने दरवाजा तोड़कर महिला को घसीटने का प्रयास किया, लेकिन महिला के पति ने लाठी से वार कर गुलदार को भगा दिया। महिला के नाक और माथे पर गहरे घाव हैं। पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में एक युवक पर गुलदार ने शौच के लिए जाते समय हमला किया। युवक की हालत गंभीर है और उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस इलाके में गुलदार की सक्रियता बढ़ी है और पूर्व में भी दो लोगों पर हमला हो चुका है। अब लोग अकेले सुनसान इलाकों में जाने से परहेज कर रहे हैं।

# पंचायत चुनाव: अवशेष मतपत्रों को सुरक्षित रखने की मांग

## पीसीसी अध्यक्ष करन माहरा ने लिखा राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की निष्पक्षता व पारदर्शिता के मद्देनजर चुनावों के लिए छपवाये गये अवशेष मतपत्रों को सुरक्षित कराये जाने की मांग की है।



राज्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में माहरा ने कहा है कि उत्तराखंड प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए 24 व 28 जुलाई 2025 को दो चरणों में मतदान सम्पन्न हुआ व 31 जुलाई को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है। माहरा ने कहा कि निर्वाचन आयोग किसी भी चुनाव में हमेशा मतदाताओं की संख्या से अधिक मतपत्र छापता है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए छपे हुए वे मतपत्र जो पोलिंग पार्टियों को नहीं दिए गये, तथा जो आज भी ब्लाक के रिटर्निंग ऑफिसरों व जिले के प्रभारी निर्वाचन अधिकारी मतपत्र, के पास अवशेष बचे हुए हैं, उन सभी मतपत्रों को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतगणना से पूर्व डबल लॉक में अकाउंट बनाकर बंद किया जाय। इस अकाउंट की प्रतिलिपि, जिसमें मतपत्रों का पूर्ण विवरण हो कि कुल कितने मतपत्र छापे गये, कितने पो. लिंग पार्टियों को दिये गये तथा कितने मतपत्र अवशेष बचे हुए हैं, इसका सम्पूर्ण ब्यौरा सभी राजनैतिक पार्टियों को दिया जाय।

# बर्फबारी वाले क्षेत्रों में 1 अक्टूबर 2026 से होगी जातीय जनगणना

## जनगणना आंकड़ों का संग्रह नहीं, विकास योजना का बुनियादी आधार: त्रिवेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने संसद में जनगणना-2027 को लेकर प्रश्न पूछा, जिसके उत्तर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जनगणना-2027 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया है और इसके लिए राजपत्र अधिसूचना 16 जून, 2025 को जारी कर दी गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि सामान्य क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि (00:00 बजे) होगी।और हिमालयी बर्फबारी वाले क्षेत्रों (जैसे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के असमय बर्फीले क्षेत्र) के लिए यह तिथि 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि (00:00 बजे) निर्धारित की गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि जनगणना-2027 के लिए वित्तीय परिव्यय को अंतिम रूप दिया जा रहा है, और इसकी जानकारी समय पर साझा की जाएगी।




### 'विकसित भारत 2047' के विजन को गति

सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास की बुनियादी योजना का आधार होती है। सरकार द्वारा जाति आधारित आंकड़ों को शामिल करने और दो चरणों में जनगणना करने का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे योजनाओं को और अधिक लक्षित रूप में क्रियान्वित किया जा सकेगा। यह जनगणना डिजिटल तकनीक और डेटा पारदर्शिता की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी, जिससे 'विकसित भारत 2047' के विजन को गति मिलेगी।

### जनगणना दो चरणों में आयोजित होगी

**पहला चरण-मकान सूचीकरण और मकानों की गणना:** इसमें प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी।

**दूसरा चरण-जनगणना:** इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। विशेष रूप से, इस जनगणना में जाति आधारित गणना भी की जाएगी।

### एनपीआर अपडेट करने का निर्णय नहीं: राय

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन करने का कोई निर्णय फिलहाल नहीं लिया गया है। सरकार द्वारा केवल जनगणना कराने की अधिसूचना जारी की गई है। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की संचालन तिथियां उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी।

# एनईपी से डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को मिला बल:डॉ. रावत

## उत्तराखंड में कौशल आधारित शिक्षा पर सरकार का विशेष फोकस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** नई शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन का नतीजा है कि उत्तराखंड में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है। साथ ही शिक्षा के सभी स्तरों पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राज्य सरकार का फोकस प्रदेश में कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि प्रदेश का युवा वैश्विक अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका निभा सके।



यह बात सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भारत मंडपम परिसर नई दिल्ली में आयोजित ''अखिल भारतीय शिक्षा समागम, 2025'' में प्रतिभाग करने के बाद मीडिया से साझा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2025 की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, शिक्षकों, उद्योग जगत के दिग्गजों और सरकारी प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्रगति की समीक्षा की और भविष्य में शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. रावत ने मीडिया से कहा कि उत्तराखंड सरकार एनईपी-2020 की अनुशंसा के अनुरूप राज्य में उच्च स्तरीय शैक्षणिक वातावरण विकसित करने में जुटी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसने सबसे पहले एनईपी-2020 को लागू किया और प्री-प्राइमरी स्तर पर लगभग 4 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों में 'बालवाटिका' कक्षाएं शुरू की, जो सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर स्मार्ट क्लासेज व आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जिससे छात्र-छात्राएं ऑनलाइन अध्ययन के साथ-साथ प्रयोगात्मक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

### कहा -उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम को एनईपी-2020 के अनुरूप तैयार किया

उत्तराखंड में उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम को एनईपी-2020 के अनुरूप तैयार किया गया। जिसमें चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट व्यवस्था और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट सिस्टम को लागू किया गया है। जिससे छात्र अपनी पसंद के विषय और विश्वविद्यालय चुन सके। साथ ही पहले वर्ष के बाद प्रमाण पत्र, दूसरे वर्ष के बाद डिप्लोमा और तीसरे वर्ष के बाद डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।

### राज्य में कक्षा-6 से व्यावसायिक शिक्षा लागू

राज्य सरकार ने राज्य में कक्षा-6 से व्यावसायिक शिक्षा को लागू कर दिया है, जिसमें कोडिंग, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और अन्य कौशल आधारित पाठ्यक्रम शामिल है। उच्च शिक्षा में देशभर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक व औद्योगिक घरानों के साथ एमओयू कर नये व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किये गये हैं। डॉ. रावत ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों के लिये विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किये हैं ताकि शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जा सके।

# चारधाम की यात्रा 41 लाख ने किए दर्शन

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश के बावजूद चारधाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में जोश कम नहीं हो रहा है। रोजाना करीब 14 हजार श्रद्धालु, चारधाम और हेमकुंड साहिब के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं, तीन महीनों में ही 41 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच चुके हैं। तीन महीने में ही श्रद्धालुओं का आंकड़ा 41 तक तक पहुंच सकता है तो फिर आगामी यात्रा के पीक सीजन में श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 लाख के पार हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, साल 2023 में चारधाम और हेमकुंड साहिब में करीब 56 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। साल 2024 में चारधाम और हेमकुंड साहिब में करीब 48 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जबकि इस साल 28 जुलाई तक श्रद्धालुओं का आंकड़ा 41 लाख के पार हो गया है।

# पंचायत चुनावों के दूसरे चरण में 69.16 फीसदी मतदान

- 64.23 प्रतिशत पुरुष, 74.42 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल
- सोमवार की देर रात्रि तक मतदान के आंकड़े हुए फाइनल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के दूसरे चरण के मतदान (सोमवार को) के आंकड़े जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि राज्य में पंचायत चुनावों का मतदान सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो गया है। राज्य के 12 जनपदों के 89 विकास खण्डों की संबंधित ग्राम पंचायतों में मतदाताओं द्वारा भारी उत्साह के साथ मतदान में प्रतिभाग किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार राज्य भर में कुल 69.16 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 64.23 प्रतिशत पुरुष और 74.42 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान में जनता का भारी उत्साह नजर आया जो लो. कतंत्र में गहरे विश्वास को दर्शाता है।

# दिसंबर तक उत्तराखंड के हर घर में नल से जल पहुंच जाएगा : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** जल जीवन मिशन के तहत दिसंबर माह तक उत्तराखंड के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंच जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संसद में पूछे गए सवालों के जवाब में केन्द्र सरकार ने यह जानकारी दी। साथ ही बताया, विगत 5 वर्षों में राज्य के लाखों किसानों को फसल बीमा से लगभग एक हजार करोड़ की मदद प्राप्त हुई है।

सत्र के दौरान जल शक्ति मंत्रालय से उनके द्वारा अतारांकित प्रश्न सं. 879 में प्रदेश में जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर जानकारी मांगी गई थी। जिसके जबाब में राज्य मंत्री, जल शक्ति श्री वी. सोमण्णा ने उत्तर दिया कि उत्तराखंड सहित राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन कार्यान्वित हो रही है, ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल आपूर्ति का प्रावधान किया जा सके।

# अब गांव नहीं, सरकार को गोद देने की जरूरत: गणेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने सांसदों की और से गोद लिए गए गांवों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए तंज कसते हुए कहा कि अब गांव गोद से उतरकर सड़क पर दौड़ने को आतुर हैं।

उन्होंने कहा कि गांवों के बाद सरकार ने अस्पताल गोद दिये, उनकी हालत सबके सामने है और अब शिक्षा मंत्री ने 550 स्कूलों को गोद देने की घोषणा कर दी है। गोदियाल ने कटाक्ष किया कि गोद तो निर्धन, यतीम और असहाय को लिया जाता है। अगर सरकार शिक्षा व्यवस्था को सही ढंग से नहीं चला सकती तो उसे सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने अपने सभी मंत्रियों को गोद में बैठा रखा है, जिससे सरकार का असली कामकाज ठप हो गया है।




### भ्रष्टाचार को खुद पोषित कर रहे सीएम: गोदियाल

गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कृषि मंत्री गणेश जोशी पर केस दर्ज कराने की अनुमति न दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट करता है कि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों पर पर्दा डालने का काम कर रही है। उन्होंने मांग की कि ऐसे सभी कानून खत्म किए जाएं, जिनमें किसी मंत्री पर केस दर्ज करने से पहले सरकार की अनुमति जरूरी होती है। पंचायत चुनावों में जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए आरक्षण लागू न किए जाने पर भी आपत्ति जताई और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया।

### धर्मांतरण कानून पर भी उठाए सवाल

धर्मांतरण रोकने के लिए बने कानून के बावजूद घटनाएं न रुकने पर गोदियाल ने सरकार को नाकाम बताया। उन्होंने कहा कि यदि कानून के बावजूद स्थिति नहीं सुधर रही, तो यह सरकार और मुख्यमंत्री की प्रशासनिक विफलता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पुराना कानून बेअसर था तो उस पर करोड़ों रुपये प्रचार में क्यों खर्च किए गए?। उन्होंने हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर हादसे पर बोलते हुए कहा कि सरकार असल कारणों को छिपा रही है। उन्होंने सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग की। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, किशोर हिन्दवान, अश्वनी बहुगुणा व पंकज क्षेत्री भी मौजूद रहे।

# दुश्वारियां: सड़क के अभाव में नहीं हो रहीं शादियां

## नैनीताल से महज 3 किमी दूर 'आधुनिक गांव' विकास से कोसों दूर

- बच्चों को रोज 10 किमी पैदल तय करना पड़ता है सफर पालकी में मरीज
- गर्भवती महिलाओं की जान पर बन आती है
- फल-सब्जियां खेतों में सड़ रहीं, सिलेंडर लाने को देने पड़ते हैं 400 रुपये

**अफजल हुसैन 'फौजी'**

**नैनीताल।** सरकार भले ही हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे करती हो, लेकिन उत्तराखंड में आज भी कई गांव ऐसे हैं जहां विकास की मुख्य धारा सड़क न पहुंचने के कारण नहीं जुड़ पाए हैं। ऐसा ही एक जीता-जागता उदाहरण है नैनीताल जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित गैरखेत गांव, जहां आज भी सड़क नहीं पहुंच पाई है। इस वजह से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, और यह गांव विकास की दौड़ में मीलों पीछे छूट गया है।



**बच्चों की शिक्षा पर संकट, 10 किमी पैदल सफर:** गैरखेत के नौनिहाल आज भी रोजाना 10 किलोमीटर पैदल घुमावदार और जंगली रास्तों से चलकर नैनीताल शहर स्थित स्कूलों में पढ़ने आते हैं। शिक्षा के लिए बच्चों को शहर आने-जाने में लगभग 2 घंटे लग जाते हैं। स्थानीय निवासी हिमानी बिष्ट बताती हैं, ष्गैरखेत में अभी तक रोड नहीं पहुंची है, जबकि सब जगह रोड बन चुकी है। गांव में किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है, न ही स्वास्थ्य की सुविधा, न ही शिक्षा की सुविधा। कॉलेज में एग्जाम जल्दी होने के कारण हमें सुबह घर से जल्दी निकलना पड़ता है ताकि समय से हम अपनी परीक्षा देने पहुंच सकें। जंगल के रास्ते से जाने में जंगली जानवरों का काफी डर रहता है।



**पालकी पर मरीज, गर्भवती महिलाओं के बिगड़े केस:** स्वास्थ्य सेवाओं का तो और भी बुरा हाल है। यदि किसी ग्रामीण का स्वास्थ्य खराब हो जाए, तो उन्हें कंधों पर पालकी की मदद से नैनीताल स्थित बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया जाता है। सबसे अधिक समस्या गर्भवती महिलाओं के लिए होती है। स्थानीय निवासी हेमा दर्द बयां करती हैं, ष्रोड नहीं होने की वजह से ही गांव में रिश्ते आने बंद हो गए हैं, कुंवारे लड़के-लड़कियों की उम्र बढ़ रही है और शादी की उम्र निकल रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल हैं। कई बार गर्भवती महिलाओं के केस खराब हो गए हैं। एक महिला के चार बार गर्भवती होने के बावजूद रोड न होने के कारण उनके केस खराब हो गए हैं।



**सड़क नहीं, तो बहू नहीं! पलायन को मजबूर गांव:** स्थिति इतनी विकट है कि गांव में सड़क न होने के कारण युवक-युवतियों की शादी में भी अड़चनें आ रही हैं। रिश्तेदार गांव आने से कतराते हैं। स्थानीय निवासी दीपिका बताती हैं, ष्गैरखेत में सबसे बड़ी समस्या यह है कि सड़क न होने की वजह से यहां युवक-युवती के लिए रिश्ते नहीं आ रहे हैं। इसी कारण आधा गांव पलायन कर चुका है।



### जल्द बनेगी सड़क



जिलाधिकारी वंदना सिंह का कहना है कि वन भूमि हस्तांतरण की तकनीकी अड़चनों के चलते प्रक्रिया लटकी हुई थी, लेकिन अब प्रस्ताव सभी स्तरों से होकर भारत सरकार तक पहुंच गया है. केंद्र सरकार के कुछ सवालों का जवाब भी भेजा जा चुका है और विभाग तेजी से काम कर रहा है. जल्द ही सड़क की समस्या का समाधान किया जाएगा. वहीं जिलाधिकारी के इस आश्वासन के बाद गांववालों को अब उम्मीद है कि दशकों पुराना यह इंतजार जल्द खत्म होगा और गैरखेत गांव भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएगा।

**रोजमर्रा की जिंदगी में चुनौतियां:** सड़क न होने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी भी दूभर हो गई है। घरों में सामान लाने के लिए मजदूरों को 500 रुपये देने पड़ते हैं। स्थानीय निवासी धीरज बताते हैं, ष्खेतों में उगने वाली साग-सब्जियां, फल सड़क के अभाव में शहर तक नहीं पहुंच पाते और खेतों में ही सड़ जाते हैं। यदि किसी के घर में गैस सिलेंडर खत्म हो जाता है तो शहर से पैदल कंधे में रखकर गांव तक लाया जाता है, जिस पर 400 रुपये की अतिरिक्त मजदूरी लग जाती है। कोई अधिकारी हमारी सुध लेने वाला नहीं है।ष मनीष जलाल बताते हैं कि शहर तक आने के लिए उन्हें काफी पैदल चलना पड़ता है और ऊपर से पत्थर भी गिरते हैं जिससे छोटे बच्चों को चोट लगने का डर रहता है। ग्रामीण जानकी देवी कहती हैं कि शहर में काम करने वाली महिलाएं शाम के चार बजते ही घर लौटने की जल्दी में रहती हैं, चाहे मौसम कैसा भी हो।



**अधिकारी का दावा और अज्ञात कारण:** हालांकि, नैनीताल नगरपालिका के सभासद भगवत सिंह रावत का दावा कुछ और ही है। उन्होंने कहा, ष्नैनीताल जिले में ऐसा कोई गांव नहीं है जो अभी तक सड़क से नहीं जुड़ पाया हो। आज तक जितने भी गांव हैं, वहां पर लिंक रोड बन चुकी है और हर प्रकार की सुविधा दी जा रही है।ष लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गैरखेत ग्रामीण 2008 से रोड को लेकर मांग कर रहे हैं, लेकिन ष्अज्ञात कारणोंष से यहां पर रोड नहीं बन पा रही है। गैरखेत के ग्रामीण अब भी आस लगाए बैठे हैं कि एक दिन उनके गांव तक भी सड़क पहुंचेगी और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे।



## अधेड़ व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील के किसमीला गांव के भुलड़ी तोक निवासी एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लिया। पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा राम पुत्र गुमानी राम 55 का सड़ा गला शव मिला है। परिजनों के अनुसार वह अपन पत्नी की दवा लेने के लिए कस्बा नाचनी पिथौरागढ़ गए थे। जो काफी समय से अपने घर नहीं पहुचे। ग्रामीण और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। सोमवार शाम उनका शव कैंचुआ गांव से कुछ दूरी पर मिला, जिसकी शिनाख्त दुर्गा राम के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण पहाड़ी से गिरने की वजह हो सकती है। हालांकि बुजुर्ग के मृत्यु का सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। बताया जा रहा है कि मृतक के पांच बच्चे हैं, जिनमें चार लड़कियां व एक लड़का है। मृतक का बेटा बाहर नौकरी करता है। बेटे के आने के बाद शव का पीएम किया जाएगा।

# काशीपुर लायंस क्लब ने मनाया तीज महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** लायंस क्लब काशीपुर डायमंड द्वारा रामनगर रोड स्थित होटल में तीज महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। क्लब अध्यक्ष ला. सूरज अरोरा, क्लब उपाध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी, क्लब सचिव ला. संजीव कुमार कालरा, क्लब कोषाध्यक्ष ला. अनिल कुमार डाबर व अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



ध्वज वन्दना ला. अंशिका बाटला व लायनिज्म के सिद्वान्त की प्रस्तुति ला. अविरल अरोरा द्वारा दी गयी। महिलाओं व बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता व तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। महिलाओं के खेलों में ला. शालिनी अरोरा एवं भावना छाबड़ा विजयी रहे। कार्यक्रम का संचालन व प्रतियोगिताओं का आयोजन ला. बसन्त बल्लभ भट्ट व ला. शालिनी अरोरा एवं ला. भावना छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर ला. शान्ति बाठला, ला. अरूणा शर्मा, ला. ममता भट्ट, ला. शालिनी शर्मा, ला. कविता डाबर, ला. मीनल नेगी, ला. निर्मला मनराल, ला. राधा अरोरा, ला. अनुप्रीत सेठी, ला. सीमा कालरा आदि उपस्थित थे।

# आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**काशीपुर।** आईजीएल के अग्नि एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा संयंत्र के अतिसंवेदनशील क्लोरीन स्टोरेज लाइसेंस क्षेत्र में आपातकालीन योजना के तहत मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। ड्रिल के दौरान आपातकालीन सायरन बजते ही फायर वाहनों और एम्बुलेंस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की तथा दुर्घटना नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया। ड्रिल का नेतृत्व वाइस प्रेसिडेंट (सस्टेनेबिलिटी) आरके शर्मा एवं फैक्ट्री मैनेजर राजेश कुमार ने किया। अभ्यास में सारंग खाती, अरुणवा सानयाल, राकेश गुप्ता, सुनीत कपिला, विक्रांत चौधरी, डॉ. गौरव मुंद्रा, मनीष चौहान, चन्दन सिंह, मनीष श्योराण, सचिन मेहरा, लोकेन्द्र, अंशित तथा क्लीयरेंट-आईजीएल ज्वाइंट वेंचर से एस. मंजूनाथ और विपुल बेलवाल सहित कई अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर सिटी फायर ऑफिसर चन्दन सिंह एवं अर्जुन सिंह अपनी चार सदस्यीय टीम के साथ बतौर बाहरी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल्स समय-समय पर आयोजित की जाती हैं, जिससे कर्मचारियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और सुरक्षा प्रक्रियाओं को और सुदृढ़ बनाया जा सके।

## एक नजर

### बच्चे स्कूल पहुंचे, देर से पहुंचा छुट्टी का आदेश

**बागेश्वर।** मंगलवार को छुट्टी का आधिकारिक आदेश निर्धारित समय से काफी देर बाद प्राप्त हुआ। आपदा प्रबंधन अधिकारी कार्यालय से 7.20 पर आदेश प्राप्त हुआ। सुबह विद्यालय खुलने के बाद छात्र-छात्राएं और शिक्षक विद्यालय पहुंच चुके थे, लेकिन छुट्टी की स्पष्ट जानकारी न होने के कारण भ्रम की स्थिति बनी रही। जब संबंधित विभाग से छुट्टी का आदेश प्राप्त हुआ, तब जाकर स्थिति स्पष्ट हो सकी। ऐसे में कई विद्यालयों में सामान्य रूप से शिक्षण कार्य जारी रहा और विद्यार्थियों को वापस घर नहीं भेजा गया। जबकि मौसम विभाग द्वारा बारिश का हाई अलर्ट सोमवार देर शाम को जारी कर दिया गया था। लोकल स्तर पर आदेश देर में मिलने से छात्र छात्राएं विद्यालय पहुंच चुके थे। इधर जिले में सोमवार रात से मंगलवार देर शाम तक रुक रुक कर बारिश होती रही। दिन भर हुई बारिश से बाजारों में भी रौनक कम दिखाई दी।

### मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी

**बागेश्वर।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतगणना के लिए 118 मतगणना पर्यवेक्षक और 472 सहायक तैनात किए गए हैं। बागेश्वर ब्लॉक में 24, जबकि कपकोट और गरुड़ ब्लॉकों में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक पर्यवेक्षक और चार सहायक होंगे। प्रशिक्षण में मतपेटी खोलने, मतपत्रों की छंटाई और वैध-अवैध मतों की पहचान की व्यावहारिक जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों से आयोग के निर्देशों का पालन कर पारदर्शी तरीके से कार्य करने की अपील की। मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी तिवारी, डीडीओ संगीता आर्या और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मतगणना के लिए ट्रैफिक प्लान लागू

**बागेश्वर।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना गुरुवार सुबह 8 बजे से बागेश्वर, कपकोट और गरुड़ ब्लॉकों में शुरू होगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने तीनों क्षेत्रों के लिए नया रूट प्लान तैयार किया है। बागेश्वर में प्रत्याशियों के वाहन इंडोर स्टेडियम होते हुए बीडी पांडेय कैंपस मैदान में पार्क होंगे। अधिकारी और कर्मचारी बीएड संकाय मैदान में वाहन पार्क करेंगे। कैंपस रोड पर वाहन पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। गरुड़ में प्रत्याशी और कार्मिक अस्पताल तिराहा-भकुनखोला व मटेना तिराहा से प्रवेश करेंगे। वाहन पार्किंग के लिए जिला पंचायत भवन, पशु चिकित्सालय और वालीबाल मैदान निर्धारित किए गए हैं। अस्पताल तिराहा से मटेना तिराहा तक नो पार्किंग जोन रहेगा। कपकोट में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले प्रत्याशियों और समर्थकों के वाहनों के लिए केदारेश्वर मैदान, गुलेर रोड और गडेरा तिराहा के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### अल्मोड़ा में सर्वाधिक 29 मिमी बारिश

**अल्मोड़ा।** जिले में अब मानसूनी बारिश आफत बनकर बरस रहीं है। इससे मलबा और बोल्डर आने से जिले की चार ग्रामीण सड़कों में मंगलवार को वाहनों की रफ्तार थमी रही। हालांकि प्रशासन की ओर से सभी मार्गो को खोल यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत जिले भर में सोमवार रात से मंगलवार देर शाम तक भारी बारिश का दौर जारी रहा। बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकांश समय लोगों घरों के अंदर ही दुबकने को मजबूर हुए। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटों के भीतर अल्मोड़ा में सबसे अधिक 29 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### दीवार ढहने से आवासीय मकान को खतरा

**अल्मोड़ा।** भनोली तहसील के अंतर्गत काफलीखान-भनोली मोटर मार्ग पर दैविय आपदा मद से बनी साइट क्रेट वायर दीवार के ढ़ह जाने से दीवार से लगे आवासीय मकान खतरे की जद में आ गए है। ग्रामीणों ने बताया कि दो माह पूर्व ही दीवार का निर्माण किया गया था। आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा दीवार की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। जिस कारण दीवार से लग आवासीय मकान अब खतरे की जद में आ गए है। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### सैनिकों की दीर्घायु की कामना की

**अल्मोड़ा।** राखी का त्योहार नजदीक आते ही बहनों की ओर से बहनों के लिए राखियां भेजना शुरू हो गया है। राखी को लेकर बहनों में खासा उत्साह बना हुआ है। मंगलवार को महिला कल्याण संस्था की महिलाओं की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी देश की सीमाओं में तैनात सेना के जवानों को राखियां भेजी गई। बहनों ने देश के वीर जवानों के लिए राखियां सहित उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु का संदेश भी साथ भेजा। मंगलवार को यहां सिख रेजीमेंट में संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल के नेतृत्व में पहुंची महिलाओं ने बटालियन के अधिकारी राहुल तिवारी को बॉर्डर में तैनात जवान भाइयों के लिए तीन हजार राखियां भेजी। राखियां भेजने वालों में उपाध्यक्ष चन्द्रा अग्रवाल, सचिव पुष्पा सती, गीता शाह, सुनैना मेहरा, मीता उपाध्याय, शांति शाह, आशा कर्नाटक, ममता चौहान, दीपा सतीश जोशी, आशा पंत, मंजू जोशी, रमा जोशी, राधिका जोशी, रेखा चौहान, रीता जोशी, दीपा जोशी, अनीता रावत, आदिति अग्रवाल पांडे आदि महिलाएं रहीं।

# रेडियोलॉजिस्ट छुट्टी पर नहीं होंगे अल्ट्रासाउंड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में तैनात एक मात्र रेडियोलॉजिस्ट डा. कुमार अमित मंगलवार से आगामी 11 अगस्त तक छुट्टी पर रहेंगे। उनके छुट्टी पर जाने से एक बार फिर अल्ट्रासाउंड व्यस्था चरमराई है। हालांकि सीएमएस ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को गरुड़ अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डा. आनंद बसवाल व्यवस्था देखने के लिए पत्राचार किया गया है। जो तीन दिन जिला अस्पताल में सेवा देंगे। जिला का सबसे बड़ा चिकित्सालय जिला अस्पताल में जहां दो दो रेडियोलॉजिस्ट की आवश्यकता है, अब आने वाले 14 दिनों तक सिर्फ तीन दिन ही अल्ट्रासाउंड हो पाएंगे। जबकि अस्पताल में लोड इतना है कि प्रति दिन अल्ट्रासाउड में 75 से अधिक मरीज पहुंचते है। जिसमें 35 गर्भवती महिला प्रति दिन शामिल रहती है। ऐसे में अब मरीजों की संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। जबकि अस्पताल में जिले के मरीजों के अलावा अन्य जनपदों, पौड़ी गढ़वाल, कर्ण प्रयाग, चमोली, देवाल, नारायणबगड़, थराली, बेरीनाग से भी मरीज पहुंचते है। इधर डा. तपन शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उन्होंने शासन से एक एक और रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक भेजने की मांग की है। अस्पताल में चिकित्सकों की कमी न हो इस संबंध में उन्होंने जर्नल सर्जन, अर्थो, बाल रोग, स्त्री चिकित्सक, पैथोलॉजिस्ट, चर्म रोग आदि के चिकित्सकों की मांग की है।

# मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** दो दिवसीय सुरक्षा दवा सुरक्षित जीवन के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर के सचिव अनीता कुमारी के नेतृत्व में तहसील काण्डा क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसील काण्डा व घिंघारूतोला में कुछ मेडिकल स्टोर कीपर बिना लाईसेंस के दवाई बिक्री करते हुए पाए गए। यहां के मेडिकल स्टोर में सुई व ड्रिप



इधर-उधर पड़ी पाई गई तथा मरीज को देखने के लिए बेड लगाए हुए पाए गए। इस सम्बन्ध में मेडिकल स्टोर स्वामी के द्वारा यह अवगत कराया गया कि वे मरीजों को नियमित रूप से देखते आ रहे हैं। पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके पास मरीज देखने की कोई डिग्री नहीं है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घिंघारूतोला स्थित मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगाया गया है। उक्त मेडिकल स्टोर में एक्सपायर्ड दवाईयों हेतु अलग से एक्सपायरी बॉक्स भी नहीं बनाया गए थे, मेडिकल स्टोर में कुछ जगहों पर एक्सपायर दवाईयां भी पाई गई। निरीक्षण के बिल कैश मैमो नहीं बनाई गई है। इस सम्बन्ध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, बागेश्वर तथा औषधि निरीक्षक, बागेश्वर से नियमानुसार तत्काल कार्यवाही अमल में लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान डा. देवी प्रसाद शुक्ला, पूजा रानी, औषधी निरीक्षक, बागेश्वर एवं पुलिस विभाग की टीम शामिल थे।

## डीडीए के खिलाफ धरना

**अल्मोड़ा।** पहाड़ी क्षेत्रों में डीडीएम को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी। मंगलवार को सदस्यों ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में प्रदर्शन कर कहा कि डीडीए के कारण लोगों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले आठ साल से भी अधिक समय से समिति डीडीए हटाने की मांग कर रही है, लेकिन मांग के बावजूद अब तक सरकार ने डीडीए हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, हेम चंद्र तिवारी, ललित मोहन पंत, भारत रत्न पांडेय, रोबिन मनोज भंडारी, शहाबुद्दीन आदि रहे।

## कसारदेवी बल्टा के समीप सड़क मार्ग पर भर-भराकर गिरा पेड़

**अल्मोड़ा।** कसारदेवी बल्टा के समीप सड़क मार्ग पर मंगलवार को एक पेड़ भर-भराकर गिरा गया। जिससे मार्ग में यातायात बाधित हो गया। जाम लगने से मार्ग में आवाजाही कर रहे यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों द्वारा मार्ग में पेड़ गिरने की सूचना फायर सर्विस टीम को दी गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने वुडन कटर की सहायता से पेड़ को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मार्ग से हटाया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब 12 बजे मार्ग में यातायात सुचारु हो पाया। जिसके बाद मार्ग से आवाजाही कर रहे यात्रियों ने राहत की सांस ली। टीम में लिडिंग फायरमैन ओम प्रकाश, विपिन बडोला, लीला, चांदनी व मनीषा आदि शामिल रहे।

# कल होगी मतगणना, तैयारी पूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत आगामी 31 जुलाई को होने वाली मतगणना के लिए तृतीय रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न की गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से कुल 785 कार्मिकों को 157 मतगणना पार्टियों में विभाजित करते हुए 122 मतगणना टेबलों एवं 35 रिज़र्व टेबलों के लिए ड्यूटी आवंटित की गई। दोपहर करीब 02 बजे तक चली बैठक में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने रैंडमाइजेशन



प्रक्रिया की निगरानी करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दूरदराज से ड्यूटी पर आ रहे सभी कार्मिकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना दिवस पर सभी व्यवस्थाएं पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सुनिश्चित रहें, ताकि मतगणना कार्य शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो सके। रैंडमाइजेशन के दौरान सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एडीएम चंद्र सिंह मरतोलिया, सीईओ अत्रेश सयाना, सूचना विज्ञान अधिकारी शिवा पांडेय, विनोद राठौर सहित संबमंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुणवत्ता के साथ हो निर्माण: डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने तहसील परिषद बागेश्वर में निर्माणाधीन सभागार भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गति, गुणवत्ता, एवं सामग्री की उपयुक्तता की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण में प्रयोग हो रही सामग्री का गहन परीक्षण किया जाए तथा कार्य तय मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे भवनों एवं सार्वजनिक परिसरों की गुणवत्ता अत्यंत



महत्वपूर्ण है, ताकि जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्माण स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों एवं श्रमिकों की कार्य स्थितियों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि नियमित रूप से निर्माण कार्यों की निगरानी की जाए और किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता संजय भारती ने बताया कि अगस्त के अंत तक भवन का निर्माण पूरा करा दिया जाएगा।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन का आगाज़

## राज्य भर से 250 से अधिक खिलाड़ी ले रहे प्रतियोगिता में हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में 24 वें स्टेट जूनियर व सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज हो गया है। मंगलवार को उद्घाटन मुकाबले खेले गए। जिसमें विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन कर क्वालीफायर मैचों में जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। हेमवती नंदन बहुगुणा इंडोर स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप का शुभारंभ उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन संघ के महासचिव बीएस मनकोटी और जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद क्वालीफायर मैंचों



के पुरुष एकल में नैनीताल के मानस पंत, देहरादून के देवांश शर्मा, रचित और हरिद्वार के शुभम अपनी-अपनी जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं, अंडर-19 के क्वालीफायर मुकाबलों में हरिद्वार के शुभम ने देहरादून के यश को 15-7,15-6, टिहरी के शिवांश उनियाल ने देहरादून के निबिल पासवान को 15-10, 11-15, 15-8, यूएस नगर के गौरव रौतेला उधमसिंह नगर ने अल्मोड़ा के अभिनव टम्टा को 15-5, 13-15, 15-13 हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। सचिव मनकोटी ने बताया कि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या बुधवार यानि आज प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ करेंगी। मौके पर उप क्रीड़ा अधिकारी अरुण बनग्याल, राम अवतार अग्रवाल, नंदन रावत, कोच डीके सेन, सुरेश कर्नाटक, डा. संतोष बिष्ट, संजय नज्जौन, डीके जोशी, राकेश जायसवाल, गोकुल जेहता, अमृतपाल, राकेश नेगी, हिमांशु, अरविंद जोशी, चंद्रशेखर कांडपाल, संजय खोलिया, सौरभ टावत, सोनू नेगी, जीवन बोरा, प्रतीक मेहरा, हरीश अधिकारी, अतुल जोशी, यशवंत, दीपक, विजय प्रताप रहे।

## सोमेश्वर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अल्मोड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की ओर से मंगलवार को सोमेश्वर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। श्री बाबा हैड़ाखान चैरिटेबल एवं रिसर्च हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित शिविर में मौजूद चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिए गए। नेत्र जांच, शुगर और बीपी की जांच कर निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। शिविर के दौरान ग्रामीणों को एसिड हमलों के पीड़ितों को कानूनी सेवाएं योजना 2016, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। यहां अधिकार मित्र ललित कुमार थे।

# मेयर ने बदलवाया जर्जर विद्युत पोल, बड़ी दुर्घटना टली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली की सूझबूझ और सक्रियता के चलते यहां



नई सब्जी मंडी में पानी की टंकी के पास एक जर्जर विद्युत पोल के कारण एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई। यहां के लोग बहुत परेशान थे और जैसे ही महापौर को पता चला कि बीच बाजार एक विद्युत पोल बुरी तरह से गल चुका है और उसके गिरने से कभी भी बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है तो उन्होंने विद्युत विभाग के बड़े अधिकारियों को फोन कर इस विद्युत पोल को बदलवा दिया जिससे नई सब्जी मंडी क्षेत्र के लोगों ने एक बड़ी राहत की सांस ली और महापौर का आभार व्यक्त किया है। यहां के लोगों का कहना है कि वह अनेक बार इस बारे में विद्युत विभाग एवं नेताओं से शिकायत कर चुके हैं मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। महापौर का फोन जाते ही विभाग द्वारा इस विद्युत पोल को बदल दिया गया।

## कालसर्प दोष पूजा

**काशीपुर।** जसपुर खुर्द स्थित गढ़वाल सभा नीलकंठ महादेव मंदिर पर कालसर्प दोष निवारण हेतु हवन-पूजन किया गया। यह अनुष्ठान पंडित अनूप कुमार दुबे, पंडित शशिकांत तिवारी, पंडित जय दुबे, पंडित रूप किशोर शुक्ला, पंडित प्रेम शुक्ला, पंडित द्विवेदी सहित कई ब्राह्मणों ने सम्पन्न कराया। इस दौरान ज्योतिषाचार्य पंडित अनूप कुमार दुबे ने बताया कि जब भी कुंडली में राहु-केतु के मध्य सारे ग्रह होते हैं तो कालसर्प दोष लग जाता है। कालसर्प दोष के जातक की बहुत समस्याएं होती हैं, जैसे विवाह न होना, स्वास्थ्य खराब रहना तथा कई तरह की परेशानियां इस पूजा के बाद सभी को लाभ मिलता है। अमित कुमार शर्मा, सच्चिदानंद दास, दुर्गेश, वृंदा, प्राची, करण भारद्वाज, रामपुर, मुरादाबाद, बिलासपुर, बिजनौर, बरेली एवं काशीपुर के लोग थे।

## चोरी करने घुसा युवक पकड़कर पुलिस को सौंपा

**काशीपुर।** चोरी के इरादे से व्यापारी के घर में घुसे युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। यहां जसपुर बस स्टैंड के समीप सुखदेव ऑटो पार्ट्स के नाम से दुकान चलाने वाले विशद मित्तल कुंडेश्वरी रोड पर जसपुर खुर्द स्थित एक कालौनी में परिवार सहित रहते हैं। रविवार की रात उनके घर में चोरी के इरादे से एक युवक घुस गया। इस दौरान विशद के पिता विपिन मित्तल, मां, पत्नी और दो बच्चे घर में थे। आरोप है कि घर के मुख्य गेट से अंदर घुसे युवक ने विशद की मां को सामने देखकर उनका गला दबाने का प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह भागने लगा, तभी कालौनी के ही एक व्यक्ति ने उसे गेट पर दबोच लिया। साथ ही 112 नंबर पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची आईटीआई थाना पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

# बजरंगियों का दल अमरनाथ यात्रा पर रवाना

## रेलवे स्टेशन पर दल में शामिल कार्यकर्ताओं का व्यापारियों ने सम्मान किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मंगलवार देर शाम हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी जी, माता वैष्णो देवी और शिवखोड़ी की साहसी यात्रा पर जाने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के सम्मान में आयोजित किया गया था। कार्यकर्ताओं का तिलक कर एवं फूल मालाओं से जोशीला स्वागत किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता और राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष दीप्ति चुफाल ने जानकारी दी कि यह यात्रा प्रांत यात्रा प्रमुख यशपाल राज हंस और कुमाऊँ यात्रा प्रभारी अंकित पाल के नेतृत्व में




रवाना हो रही है। यात्रा का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर की पुण्यभूमि पुंछ में स्थित बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी मंदिर में जलाभिषेक करना है। इस धार्मिक एवं साहसिक यात्रा में उत्तराखंड से 130 बजरंग दल कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। यात्रा में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित पाल, जिला कोषाध्यक्ष वैभव गुप्ता, प्रदेश उपसचिव (युवा) राहुल भट्ट, युवा प्रदेश सचिव हर्षित पाल आदि शामिल हैं। अतुल गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा मंगलवार देर शाम हल्द्वानी से रवाना होगी और एक सप्ताह बाद 4 अगस्त को वापसी होगी। यात्रा पर रवाना होने वाले कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने के लिए स्टेशन पर संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत करने वालों में महिला प्रदेश अध्यक्ष बीनू जायसवाल, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा नाज, प्रदेश संगठन महासचिव भूपेश बिष्ट, जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल, सम्राट गुप्ता, नीरज राजपूत, कुसुम गुप्ता, हरपाल पाल और पल्लवी राजपूत प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## पत्रकार रमेश लोहनी को मातृशोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी के वरिष्ठ पत्रकार रमेश लोहनी की मां 95 वर्षीय देवकी देवी पत्नी स्व. मथुरादत्त लोहनी का बीते 28 जुलाई



2025 को प्रातः चार बजे शांतिपुरी निवास पर निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर 12 बजे स्थानीय गोला नदी के इमली घाट पर किया गया। उनके पुत्र वरिष्ठ पत्रकार रमेश लोहनी व रिटायर्ड आईटीबीपी आफिसर शतीश चंद्र लोहनी ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। उनके निधन पर विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय, कांग्रेस प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा, पत्रकार सुरेंद्र वर्मा, असलम कोहरा, विजय जोशी, बीरेन्द्र कोरंगा, मयंक तिवारी, बहादुर मेहता (आकाश), मोहन कोरंगा आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# गीता तिवारी ने की ब्लॉक प्रमुख कोटाबाग के लिए पेश की मजबूत दावेदारी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** न्यापांडेयगांव के पूर्व प्रधान ने गीता तिवारी के लिए कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख के पद की मजबूत दावेदारी पेश कर कहा पार्टी ने विश्वास जता कर प्रमुख प्रत्याशी बनाया तो पार्टी के खाते में जीत दर्ज कराने का कार्य करेगी। कोटाबाग ब्लॉक की नाथूनगर से बीडीसी प्रत्याशी गीता तिवारी ने क्षेत्र की जनता का अभार जताया।वही उनके पति उमेश तिवारी ने कहा अगर उनकी पत्नी विजय होती है तो वह भाजपा से ब्लॉक प्रमुख की दावेदारी मजबूती से पेश करेंगे अगर पार्टी ने उनको प्रत्याशी बनाया तो वह ब्लॉक प्रमुख बनकर पार्टी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। क्योंकि उनके संपर्क बीडीसी प्रत्यासी है। वहीं उन्होंने कहा ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद संपूर्ण ब्लॉक क्षेत्र का चहुमुखी विकास करेंगे।

# दुकानों पर गरजी जेसीबी, बरसे घन

## काठगोदाम में कार्रवाई के दौरान अधिकारियों से भाजपा नेताओं की झड़प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के ठीक सामने बनी अवैध दुकानों पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी चलवाई। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत मिली छूट का दुकानदारों ने गलत फायदा उठाकर दुकानों का निर्माण कराया था। इस दौरान भारी हंगामा और सियासी तकरार भी देखने को मिली। सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं से अधिकारियों से तीखी झड़प हो गयी, लेकिन नेताओं की एक नहीं चली और कार्यवाही को मुकम्मल तौर पर अंजाम दिया गया। प्रशासन को पहले मरम्मत के नाम पर मिली छूट की आड़ में किए गए अवैध निर्माण की जानकारी नहीं थी। वेरिफिकेशन के दौरान इसका खुलासा हुआ, जिसके बाद मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण और नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम के साथ सचिव विजय नाथ शुक्ल, संयुक्त सचिव गोपाल सिंह चौहान और नगर आयुक्त भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचे। कार्रवाई की भनक लगते ही भाजपा नेता सचिन साह और काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और अधिकारियों से तीखी बहस शुरू हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वैध दुकानों को भी ध्वस्त किया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। लेकिन प्रशासन ने साफ किया कि यह निर्माण मरम्मत की आड़ में किया गया था और पूरी तरह अवैध है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की पांच और तीन निजी दुकानों के पहले तल पर और नाले पर बने निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। मजदूरों को मौके पर बुलाकर हाथों से भी तोड़फोड़ करवाई गई। देर रात तक अधिकारी कार्रवाई में जुटे रहे। एसएनए गणेश भट्ट और एई अंकित वोरा मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि मंगल पड़ाव से काठगोदाम तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के तहत सड़क के दोनों ओर 12-12 मीटर तक का क्षेत्र अधिग्रहित किया गया है। इस दायरे में आने वाली कई दुकानें पहले ही आंशिक रूप से तोड़ी जा चुकी हैं। लेकिन कुछ व्यापारियों ने मरम्मत की अनुमति के बहाने नया निर्माण खड़ा कर दिया था, जिसे प्रशासन ने अब पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।









सड़क चौड़ीकरण में दुकानें ध्वस्त हुई थीं इसलिए इन दुकानों को मरम्मत के लिए छूट दी थी लेकिन इसकी आड़ में अवैध निर्माण किया गया। किसी ने भी बिना नक्शा स्वीकृति या अनुमति लिए ही निर्माण कर दिया जो कि पूरी तरह अवैध है। इस वजह से अवैध निर्माण ध्वस्त किया जा रहा है।

**विजय नाथ शुक्ल, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण**

काठगोदाम क्षेत्र की नगर निगम की पांच दुकानों के प्रथम तल पर निर्माण किया जा रहा था। वर्ष 2016 की अनुमति दर्शा रहे हैं। इसमें भी नक्शा स्वीकृति के छह माह में निर्माण करना था लेकिन तब निर्माण नहीं किया। यदि निर्माण करना था तो नगर निगम से अनुमति लेनी चाहिए थी। यह निर्माण पूरी तरह अवैध जिसे ध्वस्त किया जारहा है।

**ऋचा सिंह, नगर आयुक्त**

### वर्ष 2016 की अनुमति का दिखाया दस्तावेज

**हल्द्वानी।** नगर निगम की दुकानों में किराएदारों का अपना अलग ही तर्क था। उनका कहना है कि वर्ष 2016 में 1.50 लाख रुपये प्रीमियम व पांच रुपये वर्ग फुट पर प्रथम तल पर दुकानें बनाने की अनुमति दी गई थी। तब रुपये नहीं थे, फिर कोविड महामारी फैल गई इसलिए अब बना रहे हैं। जबकि नगर निगम अधिकारियों ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम में नक्शे का आवेदन कर स्वीकृति लेनी थी और अनुमति से छह माह के भीतर निर्माण करना था अब नौ साल बाद निर्माण मान्य नहीं होगा।

# भाजपा नेता और समर्थकों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- मतदान से ठीक पहले गौलापार में चुनावी रंजिश को लेकर हुआ था बवाल
- काठगोदाम थाने में नौ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में बीते रविवार रात चुनावी रंजिश के चलते जबरदस्त बवाल हो गया। गौलापार भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी के पति मुकेश बेलवाल पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने बेलवाल समेत उनके समर्थकों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस हमले में दो समर्थक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता ने कार्रवाई की मांग को लेकर काठगोदाम पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार तारानवाड़, लछमपुर-कुंवरपुर, गौलापार निवासी मुकेश बेलवाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते रविवार की रात 11 बजे एक भाजपा की ही एक महिला नेत्री का फोन आया और उसने कहा कि कुछ लोग उनके घर के पास खड़े होकर दरवा. जे खटखटा रहे हैं और अभद्रता कर रहे हैं। सूचना पर मुकेश ने तुरंत पुलिस को जानकारी देकर करीब 15-20 समर्थकों के साथ मौके पर जाने की कोशिश की। मुकेश बेलवाल ने आरोप लगाया कि जब वह अपने काफिले के साथ जैसे ही गोविंदग्राम के आगे पहुंचा, तो पहले से घात लगाए दर्जनों लोगों ने उनके वाहनों को रोक लिया। इसके बाद गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी गई और लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में गौरव जोशी और भुवन जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कई अन्य कार्यकर्ताओं को भी चोटें आई हैं। किसी तरह जान बचाकर मौके से भागे। घटना के बाद भाजपा नेता ने सोमवार को पुलिस में नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपी। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि नितिन जोशी, मोनू बिष्ट, मोहित बिष्ट, धीरज बिष्ट, भैरव देवपा, राज बोरा, सूरज बिष्ट, अतुल बोरा और सौरभ आर्या के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# मित्र पुलिस की कार्यशैली पर सवाल, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक महिला ने पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया है। महिला का कहना है कि उसके पति के साथ दबंगों ने बेरहमी से मारपीट की, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने उल्टा उसके पति को ही शांति भंग की धाराओं में रातभर थाने में बैठाए रखा। पीड़िता ने करीब दो महीने तक न्याय के लिए पुलिस अधिकारियों, यहां तक कि जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा, मगर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बता दें कि सदर बाजार हल्द्वानी निवासी पूजा गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बताया कि उनके पति एक व्यापारी हैं और पूजा-पाठ व कास्मेटिक सामग्री की दुकान चलाते हैं। दुकान अच्छी चलने के कारण पड़ोस के कुछ लोग लगातार तंज कसते थे। 9 मई की रात लगभग 9 बजे जब उनके पति दुकान बंद कर रहे थे, तभी पवन गुप्ता, अक्षय गुप्ता, हर्षित गुप्ता और मुकेश उर्फ मोनू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। पहले गाली-गलौज की, फिर यह कहते हुए हमला कर दिया कि वह ग्राहकों को कम दाम पर सामान क्यों देता है। आरोप है कि उन्होंने उनके पति को बेहरमी से पीटा और उनके गले से सोने की चेन भी लूट ली गई। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घायल अवस्था में पति ने खुद पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने न तो सीसीटीवी देखा, न ही दोनों पक्षों की बात सुनी, और सीधे पीड़िता के पति को ही शांतिभंग की धाराओं में नामजद कर रातभर थाने में बैठा दिया। महिला का आरोप है कि पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई दबाव में आकर एकतरफा की गई, जिससे उन्हें न्याय के बजाय और पीड़ा झेलनी पड़ी। महिला ने बताया कि न्याय की गुहार लेकर उसने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोचिंग संचालक की करंट लगने से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेड़ापोखरा क्षेत्र से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। वर्ष 2018 की डकैती और पत्नी की नृशंस हत्या के बाद लंबे समय तक अवसाद में रहे कोचिंग सेंटर संच. ालक भुवन चंद्र भट्ट की बीते सोमवार को करंट लगने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वह घर में पानी की मोटर ठीक कर रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी क्षेत्र के बेड़ापोखरा निवासी 45 वर्षीय भुवन चंद्र भट्ट पुत्र स्व. शंकर दत्त भट्ट बीते सोमवार सुबह वह अपने घर में पानी की मोटर चालू करने गए, लेकिन जब पानी नहीं आया तो मोटर देखने लगे। इसी दौरान मोटर में फैले करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाए। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि 2018 सात जून की रात भुवन चंद्र भट्ट के घर में बदमाशों ने डकैती की थी। इस दौरान उनकी पत्नी राधा भट्ट की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जबकि भुवन को बुरी तरह घायल कर लूटपाट की गई थी। उस समय उनकी 7 वर्षीय बेटी अनन्या अपने नाना के घर थी, जिससे वह वारदात से बच गई थी। इस सनसनीखेज डकैती ने पूरे शहर को झकझोर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें अदालत ने वर्ष 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, उस घटना के बाद से भुवन मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुके थे। उन्होंने कोचिंग सेंटर बंद कर दिया और कई वर्षों तक गहरे अवसाद में रहे।

# त्रुटिरहित हो मतगणना: गोस्वामी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 31 जुलाई को जनपद में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना के लिए सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज सभागार में दो पालियों में 1580 मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जनपद के सभी 8 ब्लॉकों की मतगणना प्रक्रिया को सुचारु एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि जनपद में कुल 316 मतगणना पार्टियाँ गठित की गई हैं, जिनमें प्रत्येक में 5 मतगणना कार्मिक तैनात किए गए हैं। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक पर्यवेक्षक तथा चार मतगणना सहायक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय चरण में 158-158 पार्टियों सहित रिज़र्व टीमों को मिलाकर कुल 1580 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की रूपरेखा, जिम्मेदारियों का विभाजन, गोपनीयता बनाए रखने, त्रुटिरहित गणना, एवं परिणामों की घोषणा की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं आरओ हैंडबुक के अध्ययन पर विशेष बल दिया गया, जिससे मतगणना प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सटीक रूप से संपन्न किया जा सके। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि अवैध मतपत्रों को पृथक रूप से बंडल में रखा जाएगा, जिसकी जांच संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा कर स्वीकृत या अस्वीकृत किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिटर्निंग ऑफिसर, सभी मतगणना कार्मिकों के साथ प्रभारी मास्टर ट्रेनर एचबी चंद एवं मतपेटी नोडल अधिकारी राजेन्द्र पाण्डे मौजूद रहे।

## पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 389वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में मंगलवार को गुरना देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण आंदोलन जारी रहेगा। काबिलेगौर है कि गुरुरानी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग में धमौडा हनुमान मंदिर से घाट तक सड़क के किनारे बंजर पड़ी भूमि पर वाटिका बनाकर पौधारोपण किया जा रहा है।

# फैशन में सादात का जलवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के निवासी सादात मलिक ने एक बार फिर नैनीताल का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में अवध फैशन वीक-2025 में मिस्टर नॉर्थ इंडिया 2025 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। बता दें यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित हुआ था जहां बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। सादात मलिक नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट जोसेफ और सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र रह चुके हैं, इससे पहले भी वे कई पुरस्कार जीतकर उत्तराखंड को गर्वित कर चुके हैं। यह सम्मान उन्हें 27 जुलाई को लखनऊ में प्राप्त हुआ। पुरस्कार जीतने के बाद सादात मलिक ने कहा कि कोई भी खिताब मेहनत और समर्पण से संभव है। सादात की इस कामयाबी से पूरे नैनीताल में खुशी की लहर है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# श्री राम मंदिर में सुंदरकांड पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने अपने नौवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भक्ति और सामा. जिक समर्पण का संगम प्रस्तुत किया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू एवं संरक्षक रुपेन्द्र नागर के नेतृत्व में प्राचीन श्री राम मंदिर हल्द्वानी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण कर भक्ति रस में सराबोर वातावरण बना। संस्था के संरक्षक हरीश चन्द्र पांडेय व सदस्य मनीष साहू ने संस्था वैदिक सनातन परंपरा को आत्मसात कर रामराज्य की भावना के साथ कार्य कर रही है। जब से 'एक समाज श्रेष्ठ समाज' की स्थापना हुई है, तभी से यह संस्था निरंतर धर्महित, समाजहित व भारतहित में समर्पित भाव से कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य लोकमंगल कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, शांति और प्रेम का संदेश देना है। इस मौके पर हरीश चन्द्र पांडेय, रुपेन्द्र नागर, लोकेश कुमार साहू, चिरौंजी लाल, नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, धर्मा कुमारी, मुकेश सरकार, विपिन चन्द्र पाण्डेय, आरपी सिंह, खेमराज साहू, पूर्णिमा रजवार, योगिता बनोला, रेनू कांडपाल, बीना मिश्रा, पूजा जोशी, अलका टंडन, दीपा रावत, अंशिका साहू, रिंकी गुप्ता, जया जोशी, पूनम गुप्ता, प्रीती आर्या, रेखा बलूनी आदि मौजूद रहे।



# किश्त मांगने पर फाइनेंस कर्मी से की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि एक ट्रक मालिक जिसने कंपनी से वाहन फाइनेंस कराया था, उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित कर्मी ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सत्यम साहू दुर्गा सिटी सेंटर स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं और ऋण वसूली का काम करते हैं। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि हल्द्वानी निवासी एक ट्रक मालिक ने कुछ समय पहले इस कंपनी से ट्रक फाइनेंस कराया था। शुरुआती कुछ महीनों तक किश्तें भरने के बाद उसने भुगतान बंद कर दिया। कंपनी के निर्देश पर सत्यम साहू लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ट्रक मालिक लगातार टालमटोल करता रहा। मंगलवार को जब सत्यम ने फिर फोन किया, तो ट्रक मालिक ने पैसे देने का झांसा देकर उन्हें बैंक के बाहर बुलाया। सत्यम ने आरोप लगाया कि जब वह मौके पर पहुंचा, तो ट्रक मालिक ने अपने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिसकारण उसे गंभीर चोटे आई है। पुलिस ने पीड़ित कर्मी की तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी।

# वेतन रोकने के आदेश पर हंगामा

## मुख्य शिक्षा अधिकारी के खिलाफ शिक्षकों का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद नैनीताल में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जयसवाल के खिलाफ शिक्षक संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान निर्वाचन ड्यूटी में तैनात करीब डेढ़ हजार शिक्षकों का वेतन रोके जाने के आदेश ने तूल पकड़ लिया है। शिक्षकों ने इस आदेश को तुगलकी फरमान करार देते हुए सीईओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस प्रकरण को लेकर जिले के प्रमुख शिक्षक संगठनों राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ राजकीय शिक्षक संघ और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने एकजुट होकर शिक्षक समन्वित संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन किया है। मोर्चा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक शिक्षकों का वेतन आहरित नहीं किया जाता, सीईओ से किसी भी प्रकार की वार्ता नहीं की जाएगी। शिक्षक संगठनों का आरोप है कि सीईओ द्वारा जिले के शिक्षकों को निर्वाचन कार्य में लगाया गया, लेकिन इसके बावजूद उनका वेतन रोक दिया गया है, जो कि पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध है। मोर्चा ने राज्य निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी को भी इस संबंध में ज्ञापन भेजकर हस्तक्षेप की मांग की गई है। संगठनों का कहना है कि यदि आद. ेश वापस नहीं लिया गया तो मतगणना जैसे संवेदनशील कार्य प्रभावित हो सकते हैं। शिक्षकों का कहना है कि सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर वर्षों से असंतोष बना हुआ था, लेकिन अब यह खुलकर सामने आ गया है। संगठनों ने आरोप लगाया कि गो. विंद राम जयसवाल जनपद को निजी प्रबंधन प्रणाली के तौर पर चला रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज तिवारी, बंशीधर कांडपाल, गिरीश चंद्र जोशी, पंकज कुमार बढ़ानी, देवेंद्र कुमार, देवकीनंदन भट्ट आदि शामिल रहे।

# रोटरी क्लब ने कन्या इंटर कॉलेज गोद लिया

## विद्यालय के सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोटरी क्लब हल्द्वानी ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए नगर निगम कन्या इंटर कॉलेज, काठगोदाम को आगामी पांच वर्षों के लिए गोद लेने का संकल्प लिया है। मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक बैठक में यह घोषणा की गई।

बैठक में विशेष रूप से नगर निगम महापौर गजराज सिंह बिष्ट भी मौजूद रहे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन मनोज शाह ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्लब आने वाले वर्षों में विद्यालय में सिविल कार्य, भौतिक संसाधनों की व्यवस्था, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य करेगा। क्लब सचिव आशीष दुम्का और कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन आरपी सिंह ने भी परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि यह पहल बेटियों की शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक ठोस कदम होगी। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने क्लब की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि जनहित में बिना स्वार्थ के किए जाने वाले हर कार्य में सदैव साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भागीदारी से सरकारी संस्थानों की दशा और दिशा दोनों सुधरती हैं। बैठक में विजय शर्मा, डा. बीसी पांडेय, रमेश शर्मा, अशोक मित्तल, पीएस पपोला, ललित मोहन भट्ट, विक्रम कार्की, उदय भट्ट, विशाल मेहरा, हरीश चंद्र पांडे मौजूद रहे।



## तबीयत बिगड़ी: महिला की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 47 वर्षीय रेखा देवी, पत्नी चंद्र दत्त पलड़िया, निवासी सूटी, अमृतपुर भीमताल के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक रेखा देवी को सुबह अचानक उल्टी हुई और उसके बाद तेज सिर दर्द की शिकायत हुई। तबीयत बिगड़ती देख आनन फानन में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामले की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# क्रिकेट में भी माहिर कमिश्नर

## दीपक रावत ने खिलाड़ियों को दिए प्रेरणादायक मंत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मंगलवार को हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। उनके आगमन पर कोच व खिलाड़ियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान दीपक रावत ने मैदान पर उतरकर स्वयं खेल का प्रदर्शन किया और गेंदबाजी व बल्लेबाजी कर बच्चों को प्रेरित किया। उनकी तकनीक और शैली ने खिलाड़ियों को काफी प्रभावित किया। बच्चों से संवाद के दौरान श्री रावत ने खेल और जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि खेल अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक सोच सिखाता है। कहा मैं दो-तीन दिनों में पुन: आकर बच्चों के साथ खेलूंगा और उनकी तकनीक को और नजदीक से देखूंगा। कमिश्नर द्वारा मैदान पर खेल प्रदर्शन और बच्चों से प्रत्यक्ष संवाद से बच्चों में गहरी ऊर्जा और उत्साह देखा गया। सभी ने उन्हें फिर से आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर लगभग 44 क्रिकेट प्रशिक्षणार्थियों के अलावा जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, क्रिकेट कोच त्रिलोक जीना, खेल प्रशिक्षक श्याम मनु भट्ट, बिमला रावत, मनीष वर्मा, गोविंद लटवाल, अकुंश रोतेला, कैलाश जोशी आदि मौजूद रहे।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला अस्पताल की अव्यवस्था ने ले ली युवक की जान

- इलाज के लिए पहुंचे युवक को समय पर एंबुलेंस न मिलने से हुई मौत
- परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** थाना दिनेशपुर क्षेत्र से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जिला अस्पताल की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। एक बीमार युवक की समय पर एंबुलेंस न मिलने के कारण मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह करीब पांच बजे दिनेशपुर के राधाकांतपुर निवासी सपन शील (38) पुत्र स्व. कालीपद को परिजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि फोन करने के बाद भी समय से एंबुलेंस नहीं आई। जब दूसरी खड़ी एंबुलेंस से चलने को कहा गया, तो चालक ने जाने से इनकार कर दिया। तीसरी एंबुलेंस बुलाई गई, जिसे आने में दो घंटे लग गए। इतने में ही सपन ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि सपन पिछले दो-तीन दिनों से बुखार से पीड़ित था और गांव में ही एक डॉक्टर से इलाज करा रहा था। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिल पाया।

वहीं मृतक के बड़े भाई ने आरोप लगाया कि ईलाज में



डाक्टर ने लापरवाही बरती। भाई की मौत के लिए चिकित्सक की लापरवाही रही। सूचना पर थाना पंतनगर से एसआई अनिल मेहता, एसआई अशोक कुमार और हेड कांस्टेबल विनीत कुमार पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने बताया कि मृत्यु के कारणों की सत्यता जानने को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी। हालांकि, अभी तक परिजनों ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है। जिला अस्पताल में उपचार में लापरवाही बरतने के दौरान हुई युवक की मौत की सूचना पर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग मोर्चरी पहुंचे। उन्होंने अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक पर जांच कर कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता ने डिप्टी सीएमओ हरेंद्र मलिक से एंबुलेंस चालक पर भी कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मालिक ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगने से महिला व भैंस की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** ग्राम पंडरी में पड़ोसी ने सब्जी के खेत में करंट फैला दिया। इससे भैंस लेकर खेत से गुजरी महिला करंट की चपेट में आ गई, जिससे महिला और उसकी भैंस की मौत हो गई। परिजन महिला के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने पड़ोसी पर दो दिन पूर्व हुए विवाद के बाद जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए महिला की हत्या का आरोप लगाया हैं। मृतका अपने पीछे तीन बेटी और एक बेटे को छोड़कर गई हैं।

- पड़ोसी ने सब्जी के खेत में फैला रखा था करंट

ग्राम पंडरी निवासी बाबू शाह ने आरोप लगाया कि उनकी 50 वर्षीय पत्नी हमशीरन मंगलवार की सुबह घर के पीछे खेत में भैंस को लेकर जा रही थीं। पड़ोसी ने खेत में जानलेवा करंट फैला रखा था। जिसकी चपेट में आकर उनकी पत्नी और मवेशी की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसियों ने दो दिन पहले ही उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपी तार और कुंडी निकालकर फरार हो गए। घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतका की बेटियों और पति का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका आरोप है कि जानबूझ कर उनकी पत्नी को करंट लगा कर मौत के घाट उतारा गया है। बाबू शाह के अनुसार करंट छोड़ने वाले व्यक्ति ने हमशीरन व भैंस को करंट लगने के बाद तार समेट लिया। करंट लगने की जानकारी किसी को नहीं दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की चार पुत्रियां व एक पुत्र है। बाबू शाह ने पुलिस से न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## एक नजर

## कंटेनर की टक्कर से टेम्पो में सवार चार यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** ग्राम सिसौना में कंटेनर से टैम्पो में टक्कर मार दी। टैम्पो सवार चार लोग घायल हो गये। जिनमें तीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सोमवार की देर सायं सिकुल से सितारगंज की ओर आ रहा टैम्पो सिसौना में सवारी उतार रहा था। पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिसमें टेम्पो सवार राधा पत्नी माधोलाल, पुष्पा जोशी पत्नी कैलाश जाशी निवासी वमनपुरी, राधे दीवी पत्नी गुरपद सिंह निवासी सिसौना, केशवी देवी पत्नी नित्यानंद निवासी चिंतीमजरा घायल हो गयी। राधा, पुष्पा जोशी, राधे देवी को उपजिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## खटीमा पहुंचे सीएम धामी, जनता की समस्याएं सुन किया समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मंगलवार को कैंप कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व जनता ने पुष्प देकर भव्य स्वागत सम्मान किया। वहीं मुख्यमंत्री ने अपनेआवास व लोहिया हेड कैम्प कार्यालय में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। वहीं उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर, शंकर कोरंगा ,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थे।

## बाइक फिसलने से सात साल के मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर हाईवे पर बाइक फिसलने पर जहां सात साल के मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि बहन व माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फान न में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। सूच ना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार काशीपुर के किरावली गांव के रहने वाले विक्की ठुकराल अपने परिवार के साथ रहते है और लाल पुर में उ नकी फोटोग्राफी की दुकान है। बताया कि सोमवार को वह बाइक संख्या यूके 06 एक्यू 8569 से अपनी पत्नी ज्योति ठुकराल,बेटी हरगुन व सात साल के बेटे मन्नू के साथ पंचायत चुनाव के मद्देन जर गांव वोट डालने आए थे और मंग लवार की दोपहर डेढ़ बजे बाइक से ही वापस घर लौट रहे थे कि अचानक काशीपुर-गदरपूर हाईवे के समीप महतोष मोड़ के समीप अचानक बाइक अनियंत्रि त होकर फिसल गई।

हादसे में बाइक सवार सभी लोग छिटककर हाईवे पर गिरे। आन न फानन में राहगीरों द्वारा घायलों को जिला अस्पताल ले जा या गया। जहां डॉक्टरों ने सात वर्षीय मन्नु को मृत घोषित कर दिया,जबकि ज्योति व हरगुन की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। बताया कि बाइक सवार विक्की ठुक राल भी काफी चोटिल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घट ना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर,मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## मतगणना को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार

- स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थलों का डीएम, एसएसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के सफलता पूर्वक मतदान के बाद गुरुवार को जिलाधिकारी नितिन भदौरिया,एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खटीमा, सितारग. ज, रुद्रपुर में मतपेटियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना स्थलों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीएम ने शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीएम और एसएसपी ने स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस



जवानों को पूरी मुस्तैदी के साथ रहने और सभी सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। स्ट्रॉन्ग रूम परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव रिकॉर्डिंग और बैकअप की जांच की। 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए गए। दोनों अधिकारियों ने मतगणना में आने वाले व्यक्तियों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों को चिह्नित करने, मतगणना के दिन यातायात को सुचारु रूप से चलाने, और मतगणना स्थल पर विद्युत की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी बाहरी व्यक्ति को मतगणना स्थल में प्रवेश न करने देने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई।

प्रत्येक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षा के लिए 1 सेक्शन पीएसी और 1 सशस्त्र गार्द (जिसमें 1 मुख्य आरक्षी,3 आरक्षी शामिल हैं) तैनात की गई है। इसी तरह सातों स्ट्रॉन्ग रूम में कुल 7 सेक्शन पीएसी,7 हेड कांस्टेबल और 21 कांस्टेबल नियुक्त किए गए हैं। ऊधमसिंहनगर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्हें ड्यूटी पर सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## उपचार से पहले ही प्रसव पीड़ा से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** थाना किच्छा की रहने वाली एक महिला की प्र सव पीड़ा से मौत होने का मामला सामने आया है। बताया कि हालत बिगड़ने पर महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्ट मार्ट म के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार किच्छा के नजीबाबाद निवासी सत्य पाल अपने परिवार के साथ रहता है। सोमवार की देर रात्रि अचानक उसकी 32 वर्षीय पत्नी किरण को प्रसव पीड़ा होने के पर किच्छा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि प्रसव होने के बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ने लगी। तो डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आनन फानन में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार शुरू होने से पहले ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लोक रचना समिति की गायन प्रतियोगिता का फाइनल सम्पन्न

- सीनियर वर्ग से अदिति मलेठा और सब जूनियर वर्ग से हिताशा नैथानी बनीं विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रूद्रा होटल में आयोजित फाईनल मुकाबले में सेमीफाईल चुने गये 13 प्रतिभागियों ने अपनी दिलकश आवाज की प्रस्तुति दी। सीनियर वर्ग से अदिति मलेठा (एमेनिटी स्कूल), गुरमान (डीपीएस स्कूल), तृप्ति (नाद योग कला केंद्र), चंद्रमौली चावला (आरएएन स्कूल), जूनियर वर्ग से आयुष्मान (जेपीएस), तृप्ति (स्टोन रिज स्कूल), मिशिका बिष्ट (डीपीएस), अदिति (गुरुनानक स्कूल), दिव्यांशी शर्मा (डीपीएस) तथा सब जूनियर वर्ग से हिताशा नैथानी (एमेनिटी स्कूल), उद्दयन (जेसीज स्कूल), मौलिक मदान (आरएएन स्कूल) एवं आरियाना शर्मा (डीपीएस स्कूल) आदि प्रतिभागियों ने वाद्य यंत्र के साथ गीतों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया।

कड़े मुकाबले में सीनियर ग्रुप से डीपीएस के गुरमान बैस्ट सिंगर चुने गए, जबकि दूसरे स्थान पर एमेनिनटी स्कूल की अदिति मलेठा, और तीसरे स्थान पर नाद योग कला केन्द्र की तृप्ति तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में स्टोर रिज पब्लिक स्कूल की तृप्ति ने बैस्ट सिंगर का खिताब जीता। दूसरे स्थान प गुरूनानक स्कूल की अदिति और



तीसरे स्थान पर जेसीज के आयुषमान रहे। सब जूनियर वर्ग में जेसीज के उद्दयन बैस्ट सिंगर चुने गये। डीपीएस की आरियाना को दूसरा और अमेनिटी स्कूल की इताशा नैथानी को तीसरा स्थान मिला। बैस्ट सिंगर के साथ प्रथम और द्वितीय विजेताओं को अतिथियों ने शानदार ट्राफी के साथ ही कई आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

फाईनल मुकाबले के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फुटेला अस्पताल के एमडी एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. रवि फुटेला रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में लोक रचना समिति किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगातार 25 वर्षों से संस्था जो आयोजन करा रही है वह वास्तव में प्रेरणादायक और सराहनीय है। विशिष्ठ अतिथि विशिष्ट अतिथि दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुरजीत सिंह ग्रोवर, शहर के प्रमुख उद्योगपति अशोक अदला, कोलं. बस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर केसरदास खेड़ा, समाजसेवी जगद. ीश टंडन ने भी लोक रचना समिति द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता की सराहना की। प्रतियोगिता के अंत में संयोजक केवल बतरा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों और आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भारत भूषण चुघ, उप जिलाधिकारी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी अमृता शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद ठुकराल, समाजसेवी पवन अग्रवाल, शासकीय अधिवक्ता दीपक अरोड़ा, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, पूर्व महामंत्री हरीश अरोड़ा, युवा व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेश कामरा, पूर्व महामंत्री पवन गाबा, रुद्रपुर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष अमित बांगा, अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष तारा चंद अग्रवाल, पंजाबी महासभा के पूर्व महामंत्री सुरेंद्र अरोड़ा रज्जी, जगदीश टंडन सुमित बांगा, पार्षद चिराग कालरा, जतिन नागपाल, सुजाता नारंग सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कपड़ा यूनियन के सचिव के पुत्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** कपड़ा यूनियन के सचिव श्यामल कृष्ण हालदार (कपड़ा गली)जिनका पुत्र रोहन हालदार जो की काफी लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे उनका सोमवार दोपहर को निधन हो गया । दुखद समाचार को सुनकर राजनगर के ग्रामीण, स्वजन व शक्तिफार्म बाजार के व्यापारी स्तम्भ रह गये। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व व्यापारियों ने दु:ख प्रकट करते हुए मंगलवार आधा दिन अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की।

दु:ख व्यक्त करने वालों में प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,महामंत्री शुभम गर्ग, कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल, विजय बागला, ओमप्रकाश कालरा, विपिन डालमिया,जगदीश डालमिया, अजीत शाह, बलराम पोद्दार,सुशांत मोहन राय,विधान मण्डल, राजेश रस्तोगी,राजेश पोद्दार,मुकुल पोद्दार, सुजीत मण्डल, राजकुमार जायसवाल, परेश मण्डल, निरंजन मण्डल, निरंजन विश्वास, सुशील गर्ग, अंकुर जिंदल, नितिन जिंदल, विप्रो राय आदि व्यापारी थे।

## दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ अंदर घुसा युवक

- घर से भाग रहे युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म ।** दिनदहाड़े सुरेंद्रनगर में संदिग्ध युवक ने एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़ डाला । ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही संदिग्ध युवक भाग निकला जिसे ग्रामीणों ने पीछा कर दबोच लिया। ग्रामीणों ने उसे पुलिस चौकी लाकर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके पास मिले बैग की तलाशी लेने पर उसमे दो मोबाइल सिम, दो विदेशी नोट, महाकाल व त्रिशूल छपा हुआ भगवा टी-शर्ट आदि मिला। युवक के खिलाफ थाना सितारगंज में



तहरीर दे दी है।

सुरेंद्र नगर निवासी दिनेश राय की पत्नी सोमवार को घर में ताला लगाकर गांव के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में हो रहे भंडारे में गई थी। इसी दौरान संदिग्ध युवक ने लोहे के नुकिले मोटे राड से घर के चैनल में लगे दो ताला में से एक ताला तोड़ दिया। आवाज सुनकर पड़ोसी व गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो वह अपनी मोटरसाइकिल नं. यूपी 25 सीएस 2806, बैग, ताला तोड़ने वाला नुकीले लोहे का मोटा राड छोड़कर भाग निकला, जिसे ग्रामीणों ने पीछा कर दबोच लिया। ग्रामीणों ने उसे पुलिस चौकी लाकर मोटरसाइकिल व सभी सामान के साथ पुलिस को सौंप दिया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें दो मोबाइल सिम, दो विदेशी नोट, महाकाल व त्रिशूल छपा भगवा रंग का एक टी शर्ट आदि मिले। ग्रामीणों ने बताया पूछताछ करने पर उसने अपने को बरेली में रहने वाला मुस्लिम युवक बताया। चौकी स्टाफ चुनाव ड्यूटी में होने के कारण हेड कांस्टेबल भूपेंद्र प्रसाद ने पकड़े गए संदिग्ध युवक को उसके पास मिले सामान सहित थाना सितारगंज भेज दिया है।

दिनेश राय की पत्नी व उनकी पड़ोसी महिला ने पुलिस चौकी में बताया कि पकड़ा गया संदिग्ध युवक रविवार को उनके घर में कंबल बेचने आया था। अनुमान है एक दिन पहले कंबल बेचने के बहाने युवक घर की रेकी कर आया था। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने कहा कि क्षेत्रवासी बाहर से सामान बेचने के लिए आने वाले अनजान लोगों से उनके आईडी देखने के बाद ही सामान आदि खरीदें।

## श्रीसनातन धर्म मंदिर में किया यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** श्री सनातन धर्म मन्दिर सरदार नगर में श्री ज्वाला दास गोसाई जी महाराज की पुण्य तिथि पर आयोजित 41वां विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। गुड़गाव हरियाणा से आए गद्दीनसीन संत अनिल कुमार गोसाई ने ईश्वर भक्ति एवं गुरुभक्ति के बारे में मार्ग दर्शन दिया। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा के बिना मोक्ष संभव नहीं है। आजाद नगर किच्छा से पधारे पं. अनिल कुमार शर्मा ने प्रवचन में ईश्वर भक्ति एवं गुरु महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को गुरु के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। यहां टीकम खेड़ा, क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर, गोकुल खेड़ा, धर्मचन्द खेड़ा, ओम प्रकाश अरोरा, राजकुमार भुड्डी, राजेन्द्र पाल सिंह, चन्द्र खेड़ा, शिल्की खेड़ा, सोमनाथ छाबड़ा, हरि खेड़ा, सूरज खेड़ा, सौरभ खेड़ा, नवीन खेड़ा, राजकुमार खेड़ा आदि मौजूद थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा, उधमसिंहनगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के वार्ड सं. 02/08, किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2016-21 के कमांक ( 119 ) में स्थित भवन पर पूर्व में श्री शखावत अली पुत्र श्री शौकत अली के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरब में अब्दुल रहीम का मकान, पश्चिम में शाबिर हुसैन का मकान, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में मकान स्थित है। भवन स्वामी श्री शखावत अली की मृत्यु दि. 02.05.2024 के फलस्वरुप उत्तरजीवी प्रमाण पत्र ( दि. 30.06.2025 ) व उत्तरजीवीयों के नोटरी शपथ पत्र द्वारा उक्त भवन के गृहकर को आवेदक / प्रार्थी रियासत अली के नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, उत्तरजीवीयों के आधारकार्ड की छायाप्रतियां, मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक का आधारकार्ड सं. 685277257026, गृहकर रसीद की छायाप्रति, फिरासत अली, निजाकत अली, लियाकत अली, नफीस बानो का नोटरी शपथ पत्र दि. 11.07.2025, रियासत अली का नोटरी शपथ पत्र दि. 10.07.2025 मय प्रार्थना पत्र दि. 14.07.2025 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण / संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उददेश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों से पूर्व भवन स्वामी श्री शखावत अली पुत्र श्री शौकत अली का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक / प्रार्थी श्री रियासत अली पुत्र स्व० शखावत अली के नाम नामान्तरण / संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**

## वेतन रोके जाने पर शिक्षक संगठनों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान जनपद के डेढ़ हजार शिक्षकों के वेतन रोके जाने के आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए शिक्षक संगठनों ने सीईओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला कार्मिक अधिकारी के रूप में जहां एक और शिक्षकों को निर्वाचन कार्य में आयोजित किया गया है। वहीं दूसरी ओर उनका वेतन अवरुद्ध किया गया जो की पूर्णतया नियम विरुद्ध है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है, शिक्षक संगठनों द्वारा इस आशय का पत्र राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को भी भेजा गया है और प्रकरण में हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि वेतन रोके जाने के आदेश के चलते शिक्षक मानसिक अवसाद की स्थिति में होगा ऐसे में मतगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए तत्काल वेतन रुक जाने के आदेश को निरस्त किया जाए।प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की मुख्य शिक्षा अधिकारी की कार्य प्रणाली को लेकर लंबे समय से शिक्षकों एवं शिक्षक संगठनों में जो आक्रोश दबा हुआ था वह अब खुलकर सामने आ गया है और जनपद स्तर पर इसके लिए राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन,राजकीय शिक्षक संगठन एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संगठन द्वारा शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन कर चेतावनी दे दी है की।

वार्ता के लिए सीईओ द्वारा जारी पत्र को लेकर भी संगठन पदाधिकारीयो में आक्रोश देखने को मिला है।उन्होंने कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल एक निजी प्रबंध तंत्र के रूप में जनपद को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं जो किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। संयुक्त पत्र मोर्चे द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल को तत्काल संगठन का 10 सूत्रीय मांग पत्र भेजा गया है। मांग पत्र में तत्काल वेतन दिए जाने, निर्वाचन ड्यूटी में भेदभाव, महिला शिक्षिकाओं को आयोग के निर्देश के बाद भी दूरस्थ क्षेत्ररों में तैनाती, जिला मुख्यालय पर निर्वाचन कार्य,खेल आदि के नाम से वर्षों से जमे हुए शिक्षकों को मूल विद्यालयो में भेजने, शिक्षकों एवं संगठनों की निरंतर उपेक्षा आदि कई बिंदु पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है।इस दौरान ज्ञापन में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी, बंशीधर कांडपाल, गिरीश चंद्र जोशी,पंकज कुमार, देवेंद्र कुमार, देवकीनंदन भट्ट आदि के हस्ताक्षर शामिल रहे।

## नाग पंचमी पर किया गया सामूहिक अनुष्ठान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर कोसी घाट में भक्तों द्वारा राहु केतु से बनने वाले सभी दोषों षविशेष कालसर्प दोषष की शांति के लिए सामूहिक अनुष्ठान किया गया।

बालाजी मंदिर के महंत डॉक्टर शुभम गर्ग ने बताया कि मंगलवार सुबह 4:00 बजे से सभी भक्तों द्वारा सभी देवों का आवाहन एवं पूजन किया गया।उसके पश्चात भगवान शिव का जल अभिषेक किया गया।हवन एवं दान का कार्यक्रम रहा और आखिर में सभी भक्तों द्वारा आरती करके कार्य का समापन किया गया। उन्होंने बताया कि सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी के अवसर पर राहु केतु के



विशेष दोषों की शांति के लिए अनुष्ठान किए जाते हैं और यह अनुष्ठान साल में इस तिथि पर बहुत शुभ होते है। उन्होंने सभी के उज्जवल जीवन एवं संकट मुक्त जीवन के लिए श्री बाला. जी महाराज से प्रार्थना की है कि इस पूजा का पूरा फल सभी यजमानों को पूर्ण रूप से प्राप्त हो।

# एबटमाउंट है धरती का स्वर्ग: डीएम

■ पर्यटक शुरू करेंगे चंपावत जिले के प्राकृतिक वैभव के दीदार
■ मॉडल जिले के बनेंगे 'ब्रांड एंबेसडर'



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** एबटमाउंट धरती का ऐसा स्वर्ग है, जहां की वादियां व्यक्ति को अपने आगोश में बांध कर उसे ईश्वरीय सत्ता से जोड़ देता है। इस स्थान से मॉडल जिले के पर्यटन विकास की ऐसी शुरुआत की जानी है कि यह देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके।

पर्यटकों की स्थिति उस मधुमक्खी की तरह होती है जो पराग के लिए बिना बुलाए उसे ढूंढ लेती हैं। जरूरत है इसके लिए एक स्वस्थ ऐसा माहौल पैदा करने की कि पर्यटन के क्षेत्र में हम हिमाचल, कश्मीर, आदि स्थानों से पीछे नहीं है।

यह बात जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पहली बार भारी वर्षा के बीच एबटमाउंट का भ्रमण करते हुए कही।

पूरे क्षेत्र को नजदीक से समझने के बाद उनका कहना था कि हम पर्यटकों को ऐसी सुविधाएं एवं उनसे मेहमान की तरह रिश्ता जोड़कर उन्हें सम्मान से विदा करेंगे तो वहीं मॉडल जिले के हमारे 'ब्रांड एंबेसडर' बनेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य राजमार्ग से एबटमाउंट को जोड़ने वाले ढाई किमी लंबी सड़क में किए जा रहे नवनिर्माण के कार्यों को भी देखा, यह सड़क हमारा पर्यटकों को परिचय देगी। यहां ष्सनराइज एवं सनसेट डेकष्के बाद हिमालय की बदलती कलाबाजीयो एवं उगते व अस्त होते हुए सूर्य का ऐसा दीदार होगा जो पर्यटकों को प्रकृति के और नजदीक ले आयेगा।

एबटमाउंट में लगभग 131 लाख रुपये से बन रहे हेलीपैड से दिल्ली, मुंबई आदि स्थानों से आने वाले पर्यटकों की दूरी बहुत कम हो जाएगी बल्कि रीठासाहिब में भी हेलीपैड बनाने की तात्कालिक आवश्यकता है। जहां देश-विदेश के तीर्थ यात्री यहां गुरु घर में हुए मीठे-रीठे के चमत्कार को अपनी आंखों से देखना चाहते हैं।

लोहाघाट एवं सूखीडांग की झील पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बन रही है। एबटमाउंट से झूमाधूरी होते हुए बाणासुर के किले एवं पूर्व की ओर यहां से जंगल होते हुए शंखपाल-धर्मघर तक छोटे ट्रैकिंग रूट बनाए जा सकते हैं। जिलाधिकारी का स्पष्ट कहना है कि यहां पर्यटन विकास के साथ स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना इतना जरूरी है, जिसके लिए युवाओं को हर कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पंचेश्वर एंगलिंग के लिए एशिया में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। यहां पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन की आभार संभावना है। अद्वैत आश्रम मायावती धरती का ऐसा स्वर्ग है जहां स्वयं युगपुरुष विवेक. ानंद जी ने एक पखवाड़े तक प्रवास किया था। इस स्थान से अध्यात्म, सेवा,समर्पण की ऐसी महक आती है जो पर्यटकों को अपनी और खींच लेगी।

## बरसात में ही निकल पड़े डीएम

**लोहाघाट।** मॉडल जिले में जिलाधिकारी के रूप में आए मनीष कुमार के पास इतना समय नहीं है कि वह भारी वर्षा के बावजूद भी अपने दफ्तर में बैठने के बजाय वह जिले के भूगोल को समझने व लोगों की दिक्कतों को नजदीक से जानने में अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। मॉडल जिले के लिए 'आज क्या किया? कल क्या करना है'? की थीम पर कार्य कर रहे जिलाधिकारी ने अधिकारियों की बैटरी चार्ज कर उनको जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनाने के साथ उनकी कार्य शैली में भी बदलाव आता जा रहा है।

## रुद्रपुर के वार्ड संख्या-2 के लिए पुनर्मतदान आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के तहत रुद्रपुर ब्लॉक के वार्ड संख्या-2 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए बुधवार को पुनर्मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि मतदान स्थल संख्या-48, राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिमला पिस्तौर, कक्ष संख्या-01 पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। रुद्रपुर के वार्ड संख्या-2 में मतदान स्थल संख्या-48 राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिमला पिस्तौर के कक्ष संख्या-01 पर गलती से वार्ड नंबर एक के कुछ मतदाताओं को ग्राम पंचायत सदस्य के बेलेट पेपर दे दिए गए थे। इसमें प्रत्याशियों और कुछ लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग अधिकारी एवं बीडीओ रुद्रपुर को पुनर्मतदान की जानकारी प्रत्याशियों एवं मतदाताओं को डुगडुगी बजवाकर देने के निर्देश दिए।

**एक नजर**

## सेंट जेवियर स्कूल खटीमा में 'हिफाजत' कार्यक्रम आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सेंट जेवियर स्कूल खटीमा में आयोजित 'हिफाजत' कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और चिकित्सकीय गतिविधियों का मिश्रण पेश किया गया, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देना था।

छात्रों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री एफ आर विश्वकर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल के महत्व पर अपने विचार साझा किए। बैथनी सिस्टर सी. सुकेशनी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विध्यालय के प्रबंधक फा.पीटर मल्लीथरा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित किया गया।अंत में, सिस्टर्स द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष चिकित्सा सत्र का आयोजन किया गया।

## इंदु ध्यानी के सिर सजा तीज व सावन क्वीन का ताज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कॉर्बेट सखी ग्रुप की ओर से आयोजित एक होटल में तीज महोत्सव के अवसर पर महिलायों द्वार नृत्य किया गया और भारतीय संस्कृति को जीवित रखते हुए पारंपरिक परिधान में शामिल महिलाओं ने चार चांद लगा दिए।



भारतीय परिधान पहनावे का उदाहरण देते हुए महिलाओं ने कहा कि हम सबको भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम करते रहने चाहिए। महिलाओ ने तीज हुई प्रतियोगिताएं त्योहार को गरीमा के साथ मनाने व नई पीढ़ी से जोड़ने पर बल दिया। नेहा अग्रवाल ने बताया कि तीज महोत्सव में राजस्थानी घूमर नृत्य, प्रतियोगिता, पारंपरिक पोषाक प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण रहे। मंच संचालन और कार्यक्रम की रुपरेखा अनुभा शर्मा व ग्रो. विंग बुड्स की प्रधानाचार्य अनीता रावत ने किया। महोत्सव में महिलाओं ने नृत्य, रैंप वॉक, चम्मच दौड़, म्युजिकल चेयर, बैलून गेम में हिस्सा लिया। तीज व सावन क्वीन का ताज इंदु ध्यानी को दिया गया। इस दौरान आरती अग्रवाल, खुशबु, पूनम गुप्ता, आकांशा, अनीता, रूचि गिरी, नीलम, शिवांगी, लवी, इशिका, प्रिया, गीता आदि शामिल रहे।

# मतगणना को लेकर प्रशासन की तैयारी पूरी

■ मतगणना कार्मिकों का अंतिम रेंडमाइजेशन सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में मतगणना कार्मिकों का अंतिम रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मा. प्रेक्षकगण राजेन्द्र सिंह, श्री प्रहलाद बृजवाल, श्री जीवन सिंह ह्यांकि तथा श्री महेश खरे उपस्थित रहे।




रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत विकासखंडवार मतगणना कार्मिकों को टेबल नंबर आवंटित किए गए। प्रत्येक विकासखंड में 14 मतगणना टेबल स्थापित किए गए हैं, जहां प्रत्येक टेबल पर 5 कार्मिक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 1 सुपरवाइजर तथा 4 सहायक शामिल हैं। प्रत्येक विकासखंड के लिए कुल 28 मतगणना पार्टियाँ गठित की गई हैं, जो दो पालियों में कार्य करेंगी। प्रथम पाली प्रात: 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से मतगणना का कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पाली के लिए दो-दो रिजर्व पार्टियाँ भी तैयार रखी गई हैं । मतगणना 31 जुलाई 2025 को प्रात: 08:00 बजे से आरंभ होगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित किए जाने हेतु सभी प्रेक्षकगण को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

उक्त कार्यक्रम में मा. प्रेक्षकगणों के अतिरिक्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, जिला विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) रमा गोस्वामी, मुख्य कृषि अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) अमरेन्द्र चौधरी, प्रभारी अधिकारी (कंप्यूटराइजेशन/वेबसाइट अपलोड)/ उपनिदेशक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बच्चा चोरी के प्रयास में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति और महिला को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र से एक व्यक्ति और महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चा चोरी के प्रयास में ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।



मंगलवार शाम को एक व्यक्ति और एक महिला ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में घुलते हुए दिखाई दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि यह दोनों बच्चा चोर है और दोनों बच्चों को पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर पिटाई कर दी। उसके बाद प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने पुलिस को सूचना दी। हाजी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि यह दोनों लोग पिछले चार पांच दिनों से शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में लगातार घूमते हुए देखा गया है। यह लोग बिहार में छपरा जिले के बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में चोरी और अन्य घटनाओं को लेकर ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए सूचित किया जा रहा है। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि यह दोनों लोग विक्षिप्त हैं और बोल नहीं पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चोरियों से आक्रोशित ग्रामीणों का हंगामा

■ पुलिस चौकी का घेराव कर की जल्द कार्रवाई करने की उठाई मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार को फूट पड़ा,चोरी की बढ़ती वारदातों से गुस्साए दर्जनों ग्रामीणों ने पीरुमदारा पुलिस चौकी का घेराव किया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बीते कई दिनों से लगातार चोरियां हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है।उन्होंने आरोप लगाया कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि दिनदहाड़े भी चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।इससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है,ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी नहीं हुई और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चौकी के बाहर जमा होकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि एक ओर क्षेत्र में चोरियों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस महज आश्वासन दे रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हाल ही में क्षेत्र में कई बार ड्रोन उड़ते देखे गए हैं, जिससे लोगों में अनहोनी की आशंका भी बनी हुई है।

ग्रामीणों का मानना है कि यह ड्रोन असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी की घटनाओं की प्लानिंग के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। वहीं इस मामले में पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज किया।

पुलिस जल्द ही इन मामलों में भी खुलासा करेगी। चौकी इंचार्ज ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इस दौरान ईशान चौधरी, जसकरण सिंह,गगन पाल,नंदू सती,इशू कटारिया,आरती,मोहन सिंह, राजू, देवकी देवी, कमला, पुरन सिंह आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# उत्तराखंड प्रांत से लगभग 200 से अधिक श्रद्धालु करेंगे बूढ़ा अमरनाथ के दर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बजरंग दल के तत्वाधान में देश भर में आयोजित बाबा बूढ़ा अमरनाथ साहसिक यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा पाण्डव गुफा, सुन्दर बनी, अखनूर, राजौरी, मंडी, शिवखोड़ी होते हुए वैष्णोदेवी दर्शन के उपरांत संपन्न होगी।

इस यात्रा को 2005 मे आतंकवादियों द्वारा बाधित करते हुए इसे समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया गया था। बजरंग दल ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए यह यात्रा निरंतर चलती रहे और आने वाली पीढ़ी को इस यात्रा के बारे जागरुकता बनी रहे। इस सोच के साथ इस यात्रा को सुचारू रखा। इसी क्रम में संगठनात्मक जिला काशीपुर के प्रखंड बाजपुर से 50 से अधिक श्रद्धालुओं के जत्थे ने प्रांत गौ रक्षा प्रमुख एवं प्रांत यात्रा प्रमुख यशपाल राजहंस के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बाजपुर से प्रस्थान किया।



इस साहसिक यात्रा में पूरे उत्तराखंड प्रांत से लगभग 200 से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए प्रतिभाग करेंगे। दुर्गा वाहिनी/मातृ शक्ति और उत्तराखंड महिला संघ की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए अपने हाथों से तैयार राखियाँ भी भेजी। इस दौरान यात्रा प्रमुख यशपाल राजहंस ने बताया कि जम्मू कश्मीर हुई घटना के उपरांत ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत पूरे देश का युवा उत्साहित और गर्व को अनुभूति महसूस कर रहा है। यात्रा को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से जिलाध्यक्ष तेज प्रकाश शर्मा, जिला संयोजिका मातृ शक्ति लता गोयल, उत्तराखंड महिला संघ प्रदेश अध्यक्ष अनीता शर्मा, जिलामठ मंदिर प्रमुख राजेन्द्र, प्रखंड मंत्री राम बहारे पाठक आदि ने सामुहिक रूप से ध्वज दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान नगर रोहित बंसल, वरुण वशिष्ठ, सोनू प्रजापति, कुलदीप, विक्की राजहंस, मातृ शक्ति प्रमुख सुशीला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व बाघ दिवस के उपलक्ष्य पर चलाया पौधारोपण कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा विश्व बाघ दिवस के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्बेट के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला ने बताया कि कार्बेट टाइगर रिजर्व हर वर्ष 29 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस बाध प्रजातियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

यह दिन विश्व में बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा तथा मनुष्यों बाध आदि वन्य प्राणियों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। पर्यावरण के संतुलन के लिए यह बहुत आवश्यक है कि मनुष्य के साथ-साथ वन्यजीवों का संतुलन भी आवश्यक रूप से बना रहे। इनमें से किसी का भी कम होना या विलुप्त होना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ऐसे में पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने में बाधों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बाधों की घटती संख्या के दृष्टिगत वर्ष 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग के टाइगर शिखर सम्मेलन में दुनिया भर में बाधों की संख्या को दोगुना करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इसी क्रम में मंगलवार को कॉर्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बढोला के दिशा-निर्देशों, डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा के निर्देशन और पार्क वार्डन अमित कुमार ग्यासीकोटी के नेतृत्व में विश्व बाघ दिवस के उपलक्ष्य में कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी एवं सर्पदुली रेंज द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309 के किनारे वन क्षेत्र के समीप गो क्लीन गो क्लीन थीम के तहत एक क्लीन अप ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त वन क्षेत्र के किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग से कई बैग प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उसका निस्तारण करने के लिए स्थानीय पेस्ट वॉरियर्स संस्था को इनवाइट किया गया। कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज द्वारा सांवल्दे, कानियों, गौजानी, आमजण्डा बिजरानी एवं रिगौडा आदि वन चौकियों में एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत फलदार और अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण कार्य किया गया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस दौरान पार्क वार्डन अमित कुमार ग्वासीकोटी,रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला,रेंजर उमेश चंद्र आर्य, धर्मपाल सिंह नेगी, प्रमोद सत्यवली,वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सदस्य भुवन चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड: सीएम

■ 26.23 करोड़ से निर्मित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का सीएम धामी ने किया लोकार्पण
■ 2019 से खटीमा में संचालित केंद्रीय विद्यालय को मिला अपना भवन

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को 26.23 करोड़ से नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय खटीमा का लोकार्पण किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर लोकार्पण कार्यक्रम शुभारम्भ किया। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय परिवार ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के उपरांत सीएम धामी ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खटीमा के परिसर में पौधरोपण भी किया। अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह क्षण हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि जब देश में शिक्षा क्षेत्र में आई नई क्रांति के पांच वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर हमारे खटीमा में भी ज्ञान और विज्ञान के नए युग का सूत्रपात हो रहा है।

इस सौगात के लिए उन्होंने सभी खटीमा वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का हृदय तल से आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि खटीमा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से यहां के बच्चों के लिए न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे बल्कि ये विद्यालय हमारे बच्चों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। जिसके अंतर्गत हमने प्रदेश के 5600 से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों में 'बालवाटिका' कक्षाओं की शुरुआत कर एक महत्वपूर्ण और दूरगामी शैक्षणिक पहल की है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने खटीमा में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल से लेकर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खटीमा में हाईटेक बस स्टैंड, आधुनिक आईटीआई और पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा 100 बेड के नए अस्पताल परिसर का निर्माण कर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने में भी हम अग्रणी राज्य बनकर उभरे हैं, हमने एक वर्ष में बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत की कमी लाने में सफलता प्राप्त की है, जो राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है, इतना ही नहीं, हमारी सरकार देवभूमि उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के प्रति भी पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प के साथ, हमने जहां एक ओर प्रदेश में लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी घृणित मानसि. कताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है।

वहीं हमनें राज्य में सख्त दंगारोधी और धर्मांतरण विरोधी कानूनों को भी लागू किया है, इतना ही नहीं, हमने प्रदेश में लैंड जिहाद पर कड़ी कार्रवाई करते हुए साढ़े छह हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया है।

सख्त नकल विरोधी कानून द्वारा नकल माफिया की रीढ़ तोड़ने का काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज राज्य के 23 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने 'विकल्प रहित संकल्प' को पूर्ण करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा, नगर पालिका रमेश चंद जोशी, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा, राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी/ अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन केवि के नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, सीडीओ दिवेश शाशनी, डीएफओ हिमांशु बागरी, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय त्रिभुवन प्रकाश आर्य, उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग डॉक्टर स्वीकृति रमन, सहायक आयुक्त स्वाति अग्रवाल, प्रधानाचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी हरप्रीत कौर, स्वागत प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा, व्यवस्थापक सुधांशु अग्रवाल, संचालक जैनब निजाम, गौरव तिवारी, नकुल चंद, देवेंद्र चंद रावत, वर्षा कुमारी सहित केंद्रीय विद्यालय खटीमा के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## एएन झा इंटर कॉलेज में होगी रुद्रपुर की मतगणना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने मतगणना स्थल निर्धारित कर दिए हैं। रुद्रपुर की मतगणना पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में कराई जाएगी। मतगणना के लिए कुल 26 टेबल लगाई गई हैं। खटीमा ब्लॉक की मतगणना मंडी स्थल खटीमा में की जाएगी, जहां कुल 30 मतगणना टेबल लगाए गए हैं। सितारगंज में मतगणना नवीन मंडी परिसर में होगी। यहां 40 टेबल लगाए गए हैं। गदरपुर की मतगणना नवीन मंडी गदरपुर में सम्पन्न होगी। गदरपुर नवीन मंडी में कुल 34 मतगणना टेबलों की व्यवस्था रहेगी। काशीपुर में मतगणना का कार्य नवीन फल मंडी समिति काशीपुर में किया जाएगा।

काशीपुर में नवीन फल मंडी मतगणना स्थल पर कुल 34 मतगणना टेबलों की व्यवस्था रहेगी। जबकि बाजपुर में मतगणना इंटरमीडिएट कॉलेज बाजपुर में होगी। यहां कुल 35 मतगणना टेबल लगाए गए हैं।

जसपुर विकासखंड के लिए बीएसबी इंटर कॉलेज को मतगणना केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 26 मतगणना टेबलों की व्यवस्था रहेगी।

## मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पंचायत चुनाव की मतगणना संपन्न कराने के लिए गांधी हाल पंतनगर में मतगणना कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा तीन पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। नोडल प्रशिक्षण सुशील मोहन डोभाल ने कहा कि 31 जुलाई गुरुवार को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। 8 बजे से शुरू होने वाली सभी मतगणना कार्मिक सुबह 6 बजे व द्वितीय पाली में प्रारंभ होने वाली मतगणना कार्मिक शाम 4 बजे अपने-अपने मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। मास्टर ट्रेनर नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने बताया सभी कार्मिक निष्पक्ष, धैर्यपूर्वक व सावधानी से मतगणना सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य के लिए 500 मतगणना सुपरवाइजर व 2000 मतगणना सहायक कुल 2500 कार्मिक लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विकास खंड खटीमा की मतगणना के लिए 30 टेबिल, सितारगंज की मतगणना के लिए 40 टेबिल, रुद्रपुर की मतगणना के लिए 26 टेबिल, गदरपुर की मतगणना के लिए 34 टेबिल, बाजपुर की मतगणना के लिए 35 टेबिल, काशीपुर की मतगणना के लिए 34 टेबिल व विकासखंड जसपुर की मतगणना के लिए 26 टेबिल लगाए गए हैं। मास्टर ट्रेनर हरीश दनाई, संजीव बुधौरी व प्रभुदयाल ममगाई ने गहनता से मतगणना प्रशिक्षण दिया। इस मौके रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत एपी बाजपेयी सहित सभी विकास खंडों के रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर व नोडल कार्मिक केएस रावत, सहायक नोडल हरेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल आदि मौजूद रहे।

# मदरसे खाली खुलेंगे, सरकार निर्णय लेगी

## हरिद्वार में सील्ड मदरसों के मामले पर उत्तराखंड हाईकोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हरिद्वार में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों को जिला प्रसाशन के द्वारा सील्ड किए जाने के मामले में मदरसों की तरफ से दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने मदरसों से कहा है कि वे जिला माइनॉरिटी वेलफेयर अधिकारी को शपथ पत्र इस आशय से देंगे कि जब तक उनको सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हो जाती तब तक वे मदरसों में कोई धार्मिक तथा शिक्षण व नमाज के कार्य नहीं करेंगे। इनमें क्या खोला जाएगा उस पर निर्णय राज्य सरकार निर्णय लेगी। मदरसे खाली खुलेंगे। मामले के अनुसार हरिद्वार के मदरसे जामिया राजबिया फैजुल कुरान, मदरसा दारुल कुरान, मदरसा नुरूहुदा एजुकेश ट्रस्ट, मदरसा सिराजुल कुरान अरबिया रासदिया सोसाइटी और दारुलउलम सबरिया सिराजिया सोसाईटी ने याचिकाएं दायर कर कहा है कि जिला प्रशासन ने बिना नियमों का पालन करते हुए कई मदरसों को को शील्ड कर दिया है जबकि मदरसों में शिक्षण संस्थान चल रहे थे। मदरसों का पंजीकरण करने के लिए उनके द्वारा आवेदन भी किया है लेकिन बोर्ड नहीं बैठने के कारण उनका पंजीकरण नहीं हो पा रहा है,कहा है कि जब तक पंजीकरण नहीं होता तब तक शील्ड को हटाया जाय। इसका विरोध करते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि ये मदरसे अवैध रूप से चल रहे थे। इनका पंजीकरण नहीं हुआ है। इनमें शिक्षण तथा धार्मिक अनुष्ठान व नमाज भी हो रही है। ये सभी किसी व्यक्ति विशेष या अन्य के द्वारा संचा. लित हो रही हैं इसलिए इन्हें शील्ड किया गया। जो मदरसे पंजीकृत थे उनको प्रशासन ने शील्ड नहीं किया है, उनको सरकार की तरफ से मिलने वाला अनुदान मिल रहा है जबकि अवैध को नहीं।

### टैक्सी वसूली के मामले पर सुनवाई शुक्रवार को

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल की नगर पालिका के द्वारा जू रोड पर कैंट बोर्ड की भूमि से टैक्स वसूलने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने चुंगी वसूलने के मामले को विस्तार से सुना। बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई पर दोनों पक्षों की तरफ से कहा गया कि उनके बीच समझौता हो गया है कि चुंगी से जो आय होगी उसका एक तिहाई भाग नगर पालिका की ओर से कैंट बोर्ड को देगी। अब कोर्ट शुक्रवार को जू से भवाली रोड के मिलान पर सुनवाई करेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार की तिथि नियत की। मामले के अनुसार नैनीताल के जू रोड पर स्थित टोल टैक्स वसूलने के मामले में पालिका व कैंट बोर्ड का विवाद चल है। याचिका में कहा है कि पालिका के आय के साधन कम है इसलिए उन्हें टैक्स वसूलने दिया जाए जबकि बोर्ड का कहना है कि यह भूमि उनकी है। इसलिए उनको भी टैक्स से मिलने वाली रकम का हिस्सा मिलना चाहिए।

### राज्य सरकार का 2020 का शानसादेश रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भूतपूर्व सैनिकों को केवल एक बार आरक्षण का लाभ देने संबन्धी राज्य सरकार के 22 मई 2020 के शासनादेश को उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1993 के खिलाफ मानते हुए रद्द कर दिया है। यह अधि. नियम उत्तराखंड में भी लागू है। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार सेना से सेवानिवृत हवलदार व रामनगर में सहायक अध्यापक दिनेश चंद्र कांडपाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार द्वारा 22 मई 2020 को जारी आदेश को वर्ष 2021 में चुनौती दी। याचिकाकर्ता के अनुसार यह शासनादेश उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिसंबर 1993 में जारी भूतपूर्व सैनिक, विकलांग व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिए आरक्षण अधिनियम के खिलाफ है। उक्त अधिनियम में भूतपूर्व सैनिकों को केवल एक बार आरक्षण का लाभ देने का उल्लेख नहीं है और यही अधिनियम उत्तराखंड में भी लागू है । इस आधार पर हाईकोर्ट ने उक्त शासनादेश को निरस्त कर दिया है।

# रुचि जोशी की 12वीं रैंक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा रुचि जोशी संघ लोक सेवा आयोग में ऑल इंडिया रैंक 12 हासिल कर सूचना अधिकारी पद के लिए चयनित हुई हैं। अब मूल रूप से अल्मोड़ा जिला निवासी रुचि जोशी केंद्र सरकार में एक राजपत्रित अधिकारी के रूप में सेवा देंगी। बता दें कि रुचि ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र और पत्रकारिता में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। रूचि की मिली इस अहम कामयाबी पर पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी तथा डा. पूनम बिष्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। रूचि जोशी पत्रकारिता विषय में नेट की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। वह एसएसजे कैंपस अल्मोड़ा की उपाध्यक्ष रही हैं। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में एनसीसी कैडेट के रूप में प्रतिभाग किया और और श्रीलंका में आयोजित सार्क यूथ



एक्सचेंज प्रोग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। रुचि ने केंद्र सरकार के युवा कार्य और खेल मंत्रालय तथा कृषि मंत्रालय में मीडिया प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने खेलो इंडिया तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार में योगदान दिया है। वे आकाशवाणी में उद्घोषिका भी रह चुकी हैं। बता दें कि एक मध्यम परिवार से ताल्लुक रखने वाली रुचि के पिता भुवन चंद्र जोशी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और माता गृहिणी हैं।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी: आशा शर्मा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि बदलते परिवेश में स्कूली छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि माहवारी के समय छात्राओं को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है इसलिए उन्हें इस गंभीर मुद्दे पर जागरुक किया जाना जरूरी है। शर्मा ने यह विचार मंगलवार को नैनीताल के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालि. का इंटर कालेज में द नैनीताल बैंक लिमिटेड के सहयोग से छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक कार्यक्रम के तहत व्यकत किए। शर्मा ने बालि. काओं को माहवारी के समय में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए उनको कैंसर के प्रति सचेत किया गया। कहा कि किसी भी मुहिम का



उद्देश्य युवाओं के बिना अधूरा है। हमें युवाओं को जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है, क्योंकि कैंसर जैसी महामारी आजकल युवाओं में भी बहुत देखने को मिल रही है इसीलिए आशा फाउंडेशन लगातार शहरों के साथ ही गांव -गांव में यह कार्य किया जा रहा है परंतु स्कूल और कॉलेज उनके लिए बहुत अहम है। उन्होंने बाजार में मिलने वाली पैड्स से होने वाले पर्यावरण को हानि से अवगत कराते हुए उसके दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया। वैसे भी जागरूकता के अभाव की वजह से लोग इन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं। आज के समय में स्तन कैंसर और बच्चेदानी का कैंसर बहुत उग्र रूप से फैल रहा है। उन्होंने बाजार में मिलने वाली पैड्स से होने वाले पर्यावरण को हानि से अवगत कराते हुए उसके दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया। कार्यक्रम के तहत नैनीताल बैंक के सहयोग से 200 बालिकाओं और शिक्षिकाओं को रियोसेबिल पैड्स वितरित किए गए। इन पैड्स से बालिकाओं को अगले दो साल के लिए एक स्वस्थ और सुंदर जीवन दिया गया। जिसकी वजह से वह अपने पढ़ाई में अच्छे से मन लगा सके। आशा शर्मा ने अंत में प्रधानाचार्य शबनम अहमद और शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन की तरफ से मुन्नी तिवारी, ईशा शाह, बच्ची सिंह नेगी और नैनीताल बैंक से महेश कुमार गोयल मुखय वित्त अधिकारी, पापुल वर्मा, कविता रावत, नेहा, विभूति, हर्षित पंत और राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। अंत में शर्मा ने सभी का आभार जताया।

### 6 वाहनों का चालान

**हल्द्वानी।** नो पार्किंग क्षेत्र में अनधिकृत खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस ने 6 वाहनों का चालान किया। बता दे कि एसएसपी पीएन मीणा ने यातायात पुलिस की टीमों को शहर में सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित करने तथा यातायात बाधित करने अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के क्रम में मंगलवार को यातायात पुलिस ने एमबी इंटर कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर ओर डिग्री कॉलेज तिराहा से कुल्यालपुरा चौराहा से सरस्वती रेस्टोरेंट तिराहा तक सड़क किनारे, फुटपाथ में नो पार्किंग में अनाधिकृत तरीके से खड़े 6 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की। इसके साथ ही सभी वाहन चालकों को अनाउंसमेंट के माध्यम से नो पार्किंग जोन में वाहनों को खड़ा न करने और यातायात नियमों के बारे में जागरूक भी किया।

# रूट डायर्वट रहेगा कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंचायत निर्वाचन की मतगणना को देखते हुए पुलिस ने 31 जुलाई गुरुवार को शहर का यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया है। यह प्लान गुरुवार सुबह 7 बजे से मतगणना समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। डायवर्जन प्लान के तहत सुबह 7 बजे से मतगणना समाप्ति तक टीपी नगर तिराहा से एफटीआई तिराहा की ओर, गांधी इंटर कॉलेज तिराहा से एफटीआई तिराहा की ओर, मुखानी/जेल रोड/धानमिल तिराहा से आईटीआई तिराहा की ओर व शहर क्षेत्र से रामपुर रोड की ओर समस्त भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रामपुर रोड से शहर हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहन टीपी नगर तिराहा/एफटीआई तिराहा से बरेली रोड होते हुए और आईटीआई तिराहा से कालाढूंगी रोड होकर अपने गंतव्य को जायेंगे। सिंधी चौराहा से रामपुर रोड को जाने वाले समस्त वाहन गांधी इंटर कॉलेज/होण्डा शोरूम तिराहा से अपने गंतव्य को जाएंगे। गांधी इंटर कॉलेज तिराहा से एफटीआई तिराहा की ओर बस एवं माल वाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वही कालाढूंगी रोड से रामपुर रोड की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहन मुखानी चौराहा/जेल रोड तिराहा से कैंसर अस्पताल तिराहा होते हुए आईटीआई तिराहा से एफटीआई तिराहा होते हुए जायेंगे। सरगम टेम्पो स्टैंड से आईटीआई तिराहा के मध्य समस्त वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित (जीरो जोन) रहेगा। जबकि, मतगणना ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों के वाहनों की पार्किंग एचएन इंटर कॉलेज मैदान में रहेगी। उम्मीदवारों एवं उनके कार्यकर्ताओं व समर्थकों के वाहनों की पार्किंग मेडिकल कॉलेज गेट से एफटीआई तिराहा के मध्य रोड के बाईं ओर रहेगी।

# श्री रामसेवक सभा में सुंदरकांड



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा पवित्र सावन माह के मद्देनजर मंगलवार को सभा भवन में सुंदर कांड का पाठ कर भगवान श्री राम तथा हनुमान जी का आशीर्वाद लिया तथा सभी के स्वस्थ रहने की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के चलते सभा भवन समेत क्षेत्र का माहौल भकतिमय बना रहा। श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह द्वारा बताया गया कि अब आगामी 3 अगस्त (रविवार) को शाम 3 बजे से श्री राम सेवक सभा में मां नन्दा देवी महोत्सव-2025 के सफल आयोजन के लिए नैनीताल शहर और उसके आस पास के सभी संगठनों, समा. जसेवियों और गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई है जिसमें सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कार्यक्रम में कैलाश जोशी व राहुल जोशी ने हारमोनियम एवं संगीत में सहयोग किया। इससे पूर्व सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का सभा परिवार की ओर से स्वागत किया। इस मौके पर अशोक साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, विमल चौधरी, मोहित लाल साह, आनंद सिंह बिष्ट, गोधन सिंह, मुकुल जोशी, गिरीश जोशी, राजेंद्र बिष्ट, आशु बोरा, देवेंद्र लाल साह, मनोज साह (एडवोकेट), दीपक साह, तारा बोरा, प्रेमा साह, अतुल साह, केदार सिंह राठौर, हरीश सिंह राणा, भारती साह, मीनू साह, दीप्ति बोरा, रेखा साह, सुमन साह, मुन्नी भट्ट, दीपा जोशी, हीरा रावत, विश्वनाथ साह, आशीष बजाज सहित मातृ शकित उपस्थित रही। सुंदर कांड के पश्चात बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। अंत में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का आभार जताया।

## एक नजर

### खराब रास्तों को खुद ठीक करना पड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा क्षेत्र में बरसात के दौरान खराब रास्तों को आखिरकार ग्रामीणों को खुद ही ठीक करना पड़ा। ग्रमीणों ने श्रमदान कर रास्तों को सफ़ करने के साथ ही पैसे जमा कर बलीचिंग पाउडर डालकर फिसलन भरी काई को साफ किया। बता दें कि वर्तमान में बरसात के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते खराब हो चुके हैं जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ही हाल देवीधूरा गांव के रास्तों के हैं। रास्ते खराब होने व रास्तों में काई जमने के चलते रास्ते फिसलन भरे हो चुके हैं। जिससे लोगों व स्कूली बच्चों को गिरने का भय बना हुआ है। जनप्रति. निधियों की अनदेखी के चलते दिन प्रतिदिन रास्तों की हालत खराब हो रही है। रास्तों की खराब हालत देखते हुए ग्रामीणों ने खुद ही श्रमदान कर रास्तों की सफाई की। साथ ही खुद पैसे जमा कर फिसलन भरे रास्तों में बलीचिंग डाला। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों की ओर से न तो गांव के रास्तों की सफाई कराई जाती है ना ही इनकी मरममत कराई जाती है जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्रमदान करने वालों में भुवन, ऋषभ, सौरभ, दीपांकर, घनश्याम, दीपक तथा रोहित व चिराग मौजूद रहे।

### सड़क में गड्ढे हादसों को दे रहे दावत

**नैनीताल।** नैनीताल-काठगोदाम रोड पर बने जानलेवा गड्ढे कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। शिकायतों के बाद भी सड़क के बीच बने बड़े गड्ढे भर नहीं पाए हैं। लोगों का कहना है कि हादसे के बाद ही विभाग व प्रशासन गड्ढों की सुध लेगा। बता दें कि कई महीनों से नैनीताल- काठगोदाम रोड पर कई गड्ढे उभर गए हैं। विभाग कई बार बजट खपाकर गड्ढों को भर चुका है। लेकिन गड्ढे और बड़े हो चुके हैं जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क में कहीं कहीं गड्ढों का साइज इतना बड़ा हो चुका है कि कारए बाइक स्कूटी के टायर गड्ढों पर जाने से बड़ा नुकसान हो सकता है। गड्ढों को बचाने के लिए लोग रौंग साइड से वाहनों को निकाल रहे हैं। जिससे हादसा भी हो सकता है, लेकिन विभाग या प्रशासन में बैठे किसी अधिकारी को यह समस्या नजर नहीं आ रही है। लोगों का कहना है कि बड़ा हादसा होने के बाद ही प्रशासन या विभाग को यह समस्या नजर आएगी। मामले में एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि बारिश थमने के बाद ही मरमत या सड़क के गड्ढों को भरने का कार्य किया जा सकता है।

### ठंड ने बढ़ाए अस्थमा के रोगी

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बरसात के साथ कोहरा छाने व ठंड होने से अस्थमा के मरीजों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं जिसके चलते इन दिनों बीडी पांडे अस्प्ताल तें रोजाना अस्थमा के 20 से 25 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में इन दिनों बरसात के चलते सुबह शाम हल्की ठंड होने लगी है। वहीं पूरे दिन घना कोहरा लगने से लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं घने कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीडी पांडे अस्पताल में भी अस्थमा के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियसन डा. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि बरसात व कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें हो सकती हैं। बताया कि अस्पताल में उनके पर रोजाना 20 से 25 अस्थमा के मरीज पहुंच रहे हैं। जिनको उपचार के साथ ही डाकटरी सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अस्थमा के मरीजों को को. हरे व ठंड से बचना चाहिए। कोहरे में टहलना उनके लिए हानिकारक हो सकता है। किसी कारणवश बाहर जाना पड़े तो मास्क का प्रयोग जरूर करें। ज्यादा दिक्कत होने पर डाकटरी सलाह लें।

### युवक से मारपीट कर हमलावर फरार

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल मेट्रोपोल पार्किंग के समीप कुछ युवकों ने एक युवक की पिटाई कर दी। युवक को बेसुध कर मारपीट करने वाले युवक फरार हो गए। युवक को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एटीआई क्षेत्र निवासी प्रदीप सोमवार रात करीब 11 बजे मेट्रोपोल क्षेत्र से घर को जा रहा था। इस दौरान कुछ युवकों ने उस पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान चोटिल प्रदीप बेसुध हो गया। जिसके बाद युवक फरार हो गए। चोटिल की कराहने की आवाज सुन राहगीरों ने उसे बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर कोतवाली चीता कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित से पूछताछ का प्रयास किया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण वह कुछ बता नहीं सका। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि युवक के परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दे दी है। हालत गंभीर होने के कारण युवक मारपीट करने वाले युवकों की सही जानकारी नहीं दे पाया। फिलहाल अस्पताल में भर्ती कर युवक को उपचार दिया जा रहा है। मामले में तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश में पेड़ टूटकर सड़क पर गिरा

**नैनीताल।** देर रात से सुबह तक नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से चीड़ का पेड़ टूटकर बीच सड़क पर गिरने से सड़क बंद हो गई। सड़क बंद होने से चार पहिंया वाहनों की आवाजाही पटवाडांगर तक बंद हो गई है। बता दें कि सोमवार देर रात से मंगलवार दोपहर तक हुई बारिश के चलते पटवाडांगर मार्ग में चीड़ का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से सड़क में चार पहिंया वाहन के लिए यातायात बंद हो गया। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मामले में वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि जल्द ही पेड़ हो हटा दिया जाएगा।

# भव्य होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** यो पहाड़ फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को वर्चुअल और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने सर्वसमति से आगामी 16 अगस्त (शनिवार) को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में तय किया गया कि इस बार के उत्सव का थीम श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित होगी। आयोजन के तहत क्रमशः फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (6 वर्ष तक के बच्चों के लिए) आयोजित की जाएगी जिसमें सभी प्रतिभागी श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े चरित्रों के रूप में भाग लेंगे। इसी तरह समूह नृत्य प्रतियोगिता जो कि श्री कृष्ण की लीलाओं और जीवन पर आधारित होगी के साथ ही दही हांडी प्रतियोगिता उत्सव का विशेष आयोजन अंत में किया जाएगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन श्री राम सेवक सभा प्रांगण में किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए देवभूमि उत्तराखंड के किसी प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर को आमंत्रित किया जाएगा ताकि आयोजन का मान सममान बढ़े। बैठक में दीपक जोशी, शिवा बिष्ट, सागर सोंकर, संतोख बिष्ट, दिनेश पांडे, विपुल, नीरज बिष्ट, दीपक पल्स, जितेंद्र मार्तोलिया, दीप्ति बोहरा और लोकेश बिष्ट उपस्थित रहे। बैठक के बाद फाउंडेशन ने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वह 16 अगस्त शनिवार को श्री रामसेवक सभा प्रांगण में आयोजित होने जा रहे भव्य समारोह का हिस्सा बनें और उत्सव की शोभा बढ़ाएं।

YOO PAHAD
FOUNDATION

### कार्यशाला आज से

**नैनीताल।** माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बुधवार (आज) से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि कार्यशाला सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक होगी। कार्यशाला में जो भी प्रतिभाग करना चाहता है निर्धारित समय में महिला अध्ययन केंद्र हरमिटेज में आकर रजिस्ट्रेशन करवा सकता हैं, जिसकी रजिस्ट्रेशन शुल्क 200 रुपए है। इस कार्यशाला में छात्र छात्राओं को चॉकलेट बनाने की विधि एवं वेस्ट मटेरियल से कोकोडेमा बनाने की विधि और रंगवाली पिछोड़ा आदि बनाने की विधि बताई जाएगी ताकि सभी प्रतिभागी आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ सके। कार्यशाला के बारे में अधिक अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु 7830864283 पर संपर्क कर सकते हैं।

# गफूर बस्ती में कई घरों की बिजली काटी

## विधायक तक पहुंचा मामला, कुमाऊं कमिश्नर से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के वार्ड नंबर 24 गफूर बस्ती में बिजली कटौती से जूझ रहे दर्जनों परिवारों की परेशानी अब जनप्रतिनिधियों तक पहुंच गई है। विद्युत विभाग द्वारा हाल ही में किए गए बिल संग्रह के बाद कई परिवारों की बिजली काट दी गई, जिससे 20-25 साल से बसे लोग अब अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। तेज़ गर्मी और छोटे बच्चों की तकलीफ को देखते हुए स्थानीय जनता ने अपनी आवाज़ बुलंद की। इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता की और



प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की। विधायक ने भरोसा दिलाया कि वे हर परिस्थिति में वार्ड और क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहेंगे। मंगलवार को पूर्व पार्षद लाईक कुरैशी और कांग्रेस के युवा नेता अरमान खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित परिवारों के साथ कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी है कि बिजली विभाग को निर्देशित कर बिजली कनेक्शन पुनः सुचारू करवाए जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल में विधायक प्रतिनिधि सैयद इशरत अली और शाहरुख भी शामिल रहे। जनता से संवाद के दौरान नेताओं ने स्पष्ट कहा कि गफूर बस्ती के किसी भी परिवार को अंधेरे में नहीं रहने दिया जाएगा। सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस मौके पर नेहा परवीन, निशा, शाहीन, नाजिर अली, नजमी, शहनाज, कौसर अली, शामा, अरशद, नसरीन, शबीना, शबाना, कमरुन्निशा आदि थे।

# याद-ए-हुसैन 13 अगस्त को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मुहर्रम कमेटी की बैठक सदर नाजिम बख्श की सादरत में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसममति से तय किया गया कि अबकी बार यादे हुसैन (चेहल्लुम) आगामी 13 अगस्त बुधवार को मनाया जायेगा जिसके लिए ताजिये बनाने का काम जल्द शुरू किया जायेगा जायेगा और सफर माह चाँद की 17 तारीख यानि 12 अगस्त मंगलवार को कमेटी की जानिब से शाम को बाद नमाज ए मगरिब (जिक्र ए हुसैन) किया जायेगा जिसमें हजरत असलम मियां वामिकी साहब बरेली से तशरीफ लाएंगे और उसके बाद रात को बाद नमाजे इशा लंगर (भंडरा) होगा। बैठक में तय किया कि चांद की 18 तारीख यानि 13 अगस्त को यादें हुसैन (चेहल्लुम) के शाम को तीन बजे से ताजियों का मुख्य जुलूस फतहे निशान, ढोल ताशों व अखाड़ा के साथ रॉयल होटल से शुरू होगा जो इंद्रा मार्किट बेकरी कंपाउंड से रजा क्लब मल्लीताल पहुंचेगा जहां से फिर ताजियो के साथ अपने निर्धारित मार्ग अंडा मार्किट, जय लाल शाह बाजार, सैयद रैस्टोरेंट से वापस बीच का बाजार, खड़ी बाजार, गाड़ी पड़ाव से होते हुए मल्लीताल कोतवाली के पास पहुचेगा वहा से वापस शारदा संघ, पुराना घोड़ा स्टैंड, गोलघर, बड़ा बाजार से इंद्रा मार्किट, रॉयल होटल से नैनीताल कलब, चीना बाबा मंदिर, हाई कोर्ट से होते हुए



देर रात सूखाताल स्थित कर्बला मे संपन होगा ओर वहा पर कमेटी की जानिब से ताजियो को सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। बैठक मे कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्श, उपाध्यक्ष तस्लीम बख्श, उपाध्यक्ष समीर अहमद मन्नू, महा सचिव समीर अली, सचिव मोहमद क़ासिम, कोषाध्यक्ष मोहमद अज़ीम, शान अहमद, अखाडा कमेटी से अबदुल हसीन, शाहिद वारसी, मोईन अहमद, नियाज कमेटी, मोहमद नसीम, मोहमद इस्लाम, अबदुल वासिद, कमेटी के मेंबर कलीम उल्लाहा, आरिफ हुसैन, मोहमद फारुख, रेहान,आतीफ बख्श, फाजिल तस्लीम, सऊद बकश, इमरान, अशरफ, मोहसीन, याकजान, मो. ताहिर, आसिफ साकिबी, निसार अहमद, सरफराज अली, फैजान भाई, सरफराज, रईस, नाजिम अली, सलीम तथा सालिक आदि मौजूद रहे।

# देश की सीमाओं से पार पहुंचीं ऐपण की राखियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देवभूमि कुमाऊं की पारंपरिक लोक कला ऐपण से सजी राखियों की चमक अब देश की सीमाएं पार कर विदेशों तक पहुंच रही है। नैनीताल की कंचन जोशी की ओर से बनाई गई इन खास राखियों को न केवल देशभर से बल्कि कैलिफोर्नियां, हांगकांग तथा कनाडा जैसे विदेशी शहरों से भी ऑर्डर मिल रहे हैं।

बात करें कीमत की तो ये ऐपण राखियां बेहद किफ़ायती हैं। मात्र 30 से 40 रुपये में विभिन्न डिजाइनों में ये राखियां उपलबध हैं। इनमें कुमाऊं की पारंपरिक आकृतियां जैसे स्वास्तिक, श्री चिन्ह, पद्म चिह्न और अनंत जैसी ऐपण कलाकृतियां उकेरी जाती हैं जो इन्हें बाजार में खास पहचान देती हैं। नैनीताल की कंचन जोशी ने बताया कि उन्हें अब तक दिल्ली, मुंबई के सांथ ही विदेशों से करीब 400 से 500 राखियों के ऑर्डर मिल चुके हैं। जो कि ऑनलाइन माध्यमों फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए आते हैं। बताया कि सिंपल ऐपण राखियां 20 रूपए और रक्षा धागे के सांथ बनाई गई राखियां 40 रूपए में उपलबध हैं। बताया कि वह कई सालों से ऐपण डिजाइन, चौकियां आदि बनाती आ रहीं हैं और बीते तीन सालों से वह ऐपण राखियां भी बना रहीं हैं। बताया कि अधिकतर ग्राहक एसे हैं जो कि हर साल उनसे राखियां खरीदते हैं। दिल्ली तथा मुंबई जैसे बड़े शहरों से तो नियमित मांग रहती ही है सांथ ही कैलिर्निया व हांगकांग और कनाडा तक भी उनकी ऐपण राखियां पहुंची हैं जो कुमाऊं की लोककला को वैश्विक स्तर पर पहचान दिला रही है, ऐसे में ऐपण से बनी राखियों की विदेशों में भी बढ़ती मांग कुमाऊं की बढ़ती लोकप्रियता को भी दर्शाती है।

# उच्च शिक्षा दूर तक पहुंचेगी: प्रो. लाहनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विश्वविद्यालय परिसर में कई महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया। दिन की शुरुआत उन्होंने विज्ञान भवन के निरीक्षण से की, जहां उन्होंने शिक्षकों के कक्षों और उपलब्ध सुविधाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान संकाय से संबंधित सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन शिक्षकों के पास बैठने अथवा कार्य करने की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वे शिक्षार्थियों के हित में बेहतर कार्य कर सकें। इसके पश्चात प्रो. लोहनी ने विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय सेवाएं निद. ेशालय की समीक्षा बैठक की। बैठक में निदेशक सहित सभी आठ सहायक क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित रहे। कुल.



पति ने स्पष्ट किया कि क्षेत्रीय कार्यालयों को सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उनका उद्देश्य है कि अध्ययन केंद्रों तथा उनमें पंजीकृत शिक्षार्थियों के बीच समन्वय को बेहतर बनाया जाए, जिससे दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। दिन के अंत में प्रो. लोहनी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्याशाखाओं व विभागों द्वारा तैयार किए गए प्रचार-प्रसार वीडियो प्रस्तुतिकरण देखे। उन्होंने सुझाव दिया कि इन वीडियो को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए ताकि विश्वविद्यालय की गतिविधियों का प्रचार प्रभावी ढंग से हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि दूरस्थ शिक्षा के जरिए उच्च शिक्षा को राज्य के प्रत्येक कोने तक, चाहे वह सुगम हो या दुर्गम, पहुंचाया जा सकता है।




# स्मृति मंधाना ने पहला स्थान गंवाया

● **वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची सिवर-ब्रंट**

**दुबई, वार्ता।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है। हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्द्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे। मंधाना सीरीज में भारत की ओर से दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं जिन्होंने तीन पारियों में 38-33 की औसत से 115 रन बनाए। हालांकि शतक के साथ इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने वालीं मंधाना इस सीरीज में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगा पाईं और वनडे सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा। सिवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ अंतिम वनडे में 98 रनों की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार मिली थी। सिवर-ब्रंट ने पहली बार जुलाई 2023 में वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद वह लगातार शीर्ष पांच में बनी हुई थीं। 2025 में यह पहली बार है जब सिवर-ब्रंट ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

● **तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी** ●

# ओवल स्टेडियम में दो टेस्ट जीता है भारत

● **ओवल में आखिरी मैच जीते, तो सीरीज बराबर कप्तान शुभमन गिल तीन बड़े रिकॉर्ड्स के करीबी**

**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रा हुआ या इंग्लैंड जीती, तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकार्ड्स बनाने का मौका भी है। लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रा कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रा भी रहे। द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अना. उंस होने से पहले ही इस फार्मेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत के द ओवल के मैदान पर ही हराकर ट्रॉफी जीती थी।

# आईटीएफ विश्व मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक

● **इस चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग लें रही है आलोक भटनागर 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल- यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आइटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे।

आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं और वर्तमान में भारत में 55+ आयु वर्ग में डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में नंबर 1 रैंक पर हैं। उनकी सिगल्स की विश्व रैंकिंग 106 और डबल्स में विश्व रैंकिंग 31 है। टीम के अन्य सदस्यों में पवन कपूर (कप्तान),राज दत्त और लक्ष्मीकांत तंवर शामिल हैं। आलोक को पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की कप्तानी के लिए चयनित किया गया था, मगर व्यक्तिगत कारणों के चलते वे भाग नहीं ले सके थे।

# दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

● **सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में होंगे**

**बेंगलुरु, वार्ता।** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की।

सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे। दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुक. ाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा। विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक होने वाले सेमीफाइनल में पहुं. चेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा। दलीप ट्रॉफी, जो 2015-16 सीज़न तक क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाती थी, को 2016-17 और 2019-20 के बीच बेतरतीब ढंग से चुनी गई टीमों-भारत ए, बी, सी और डी - से बदल दिया गया। 2022-23 में यह टूर्नामेंट अपने क्षेत्रीय प्रारूप में वापस आ गया, लेकिन पिछले साल फिर से एबीसीडी संरचना का उपयोग किया गया। बीसीसीआई की पिछली एजीएम में लिए गए निर्णय के बाद, अब क्षेत्रीय प्रणाली बहाल कर दी गई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राज्यसभा ने दिव्या देशमुख को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राज्यसभा ने युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को प्रतिष्ठित फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले सदन को दिव्या देशमुख की जीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख की जीत देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वह अपनी और सदन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

### गुलाबी गेंद से एशेज टेस्ट से पहले इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगी

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (29 जुलाई) को पुष्टि की कि इंग्लैंड, दिन-रात्रि एशेज टेस्ट की तैयारी के लिए दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगा। यह पहली बार होगा जब इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश के साथ कई दिनों का मैच खेलेगा, क्योंकि 2022-23 सीजन तक यह हमेशा एक दिवसीय मैच होता था। यह गुलाबी गेंद का मैच 29 और 30 नवंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच खेला जाएगा। इसके तीन दिन बाद, इंग्लैंड 4 दिसंबर से गाबा में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री एकादश टीम को अंतिम रूप देने के लिए चयनकर्ताओं के साथ बैठक करने को उत्सुक हूं, जिसमें मजबूत इंग्लिश टीम का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर से सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह दौरा करने वाली टीम का दूसरा अभ्यास मैच होगा, जबकि पहला अभ्यास मैच पर्थ में शुरुआती टेस्ट से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अंतर-टीम मुकाबला था।

# फिनलैंड में महेश तांबे का टी-20 में विश्व रिकॉर्ड



● **आठ बॉल में पांच विकेट लिए, 2022 में बहरीन के जुनैद ने 10 गेंद में किया था कारनामा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम बाल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफ मैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे।

तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। फिनलैंड ने 5 विकेट से जीता मैच फिनलैंड ने 142 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। उन्होंने 60 गेंदों की नाबाद पारी में फराज मेहती अब्बास (19) और जार्डन (18) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फिनलैंड ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

# बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेल सकते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए: मांजरेकर



● **भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की जरुरत है जो 20 विकेट ले सके**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरे. कर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए क्योंकि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो मैच डे हिंदी पर मांजरेकर ने कहा कि भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके।

अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि (रवींद्र) जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा कि मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रा के रूप में भारत के पक्ष में आया इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है।


## कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः- 507/सूचना/नामपरि0/कर-अनु0/न0नि0रूड़की /2025-26 दिनांक-29/07/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 837, सिविल लाईन | श्री राजीव राचदेवा पुत्र प्रमोद राचदेवा | श्री अभिनव सिंघल पुत्र श्री सूर्यकान्त सिंघल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 2 | 100, मकतूलपुरी | श्रीमति सीमा गुप्ता पत्नि श्री विशाल गुप्ता | श्रीमति शान्ति देवी पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 3 | 101, मकतूलपुरी | श्री विशाल गुप्ता पुत्र स्व0 महेन्द्र कुमार गुप्ता | श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बालीराम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 4 | 175, कानूगोयान | श्रीमति रोशन आरा पत्नि श्री रसूल हसन | श्री रईसुल हसन पुत्र स्व0 मजाहिर हसन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 5 | 295(1-4), कानूगोयान | श्री गुलफाम पुत्र नूर अहमद | श्री शाहनवाज व जुल्फुकार पुत्रगण नूर अहमद | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 6 | 1184, गणेशपुर | श्रीमति मंजीता पत्नि श्री लाल सिंह व लाल सिंह पुत्र श्री राकेश कुमार | श्री राम कुमार शर्मा पुत्र श्री विशम्बर | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 7 | 553, चावमण्डी | श्रीमति पुष्पा डोभाल पत्नि स्व0 विजय कुमार डोभाल | श्री विजय कुमार डोभाल पुत्र स्व0 रमेश चन्द शर्मा | शपथ पत्र, दान पत्र |
| 8 | 553(1-5), चावमण्डी | श्रीमति पुष्पा डोभाल पत्नि स्व0 विजय कुमार डोभाल | श्री विजय कुमार डोभाल पुत्र स्व0 रमेश चन्द शर्मा | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 9 | 895 व 895/1 व चावमण्डी | श्री संदीप सैनी पुत्र स्व0 जगपाल सिंह | श्री सुनील वैश्य पुत्र स्व0 राम किशोर वैश्य | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 10 | 2, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री शफात खान पुत्र श्री आमिल खान | श्री विशाल कुमार पुत्र विजय कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 11 | 956/2ब गणेशपुर | श्रीमति रश्मि देवी पत्नि श्री रमन कुमार पुत्री श्री सतीश कुमार | श्रीमति सुनीता पत्नि श्री सतीश कुमार | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 12 | 861, रामनगर | श्रीमति कविता पाहूजा पत्नि श्री श्रवण कुमार | श्री रोबिन चौधरी पुत्र श्री सुरेश कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 13 | 976, गणेशपुर | श्रीमति अर्चना वर्मा पत्नि श्री मनोज वर्मा | श्रीमति लीला देवी उर्फ सपना देवी पत्नि श्री रामकिशन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 14 | 121/2, आदर्शनगर | श्री अरूण पुत्र श्री राजेश कुमार | श्रीमति बरखा रानी पत्नि श्री अरूण कुमार | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 15 | 298, आदर्शनगर | श्रीमति प्रवेश गुप्ता पत्नि स्व0 राजेश कुमार गुप्ता | श्री राजेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री बेनी प्रसाद | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 16 | 143, नेहरूनगर | श्रीमति रजिया सुलताना पत्नि हम्माद व रोशन आरा पुत्री मौ0 रियाल | श्री विशाल जेम्स पुत्र जसवन्त | शपथ पत्र, विक्रय पत्र |
| 17 | 308, रामनगर | श्रीमति वीना ग्रोवर पत्नि श्री विजय कुमार ग्रोवर | श्री दिलीप कुमार पुत्र श्री छबील दास | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 18 | 891, रामनगर | श्रीमति निधी मल्ला पत्नि श्री सुनील मल्ला | श्री जितेन्द्र अरोरा पुत्र श्री जगदीश लाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 19 | 313, कानूगोयान | श्री कमल अग्रवाल पुत्र श्री अरूण अग्रवाल | श्री बस्तीराम पुत्र श्री हरि राम | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 20 | 280, मकतूलपुरी | श्री कुणाल शर्मा पुत्र श्री जितेन्द्र शर्मा | जसवन्त सिंह व कृपाल सिंह पुत्रगण श्री प्रकाश सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 21 | 280 (1-4), मकतूलपुरी | श्री कुणाल शर्मा पुत्र श्री जितेन्द्र शर्मा | श्रीमति शान्ति देवी पत्नि श्री प्रकाश चन्द | शपथ पत्र, विक्रय पत्र |
| 22 | 1163 (1-3), रामनगर | श्री तैय्यब अली पुत्र शमशाद अली | मकसूद साबरी पुत्र स्व0 शेख अब्दुल्ला ब0 जावेद साबरी, अरशद साबरी पुत्र मकसूद साबरी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 23 | 1473 व 1474, सिविल लाईन | श्री शंशाक गोयल पुत्र श्री प्रमोद गोयल | श्री सुरेन्द पाल सिंह पुत्र श्री करतार सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 24 | 845, आदर्शनगर | श्रीमति पारूल मित्तल पत्नि श्री विनय मित्तल | श्री अनिल कुमार मित्तल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार मित्तल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 25 | 845, आदर्शनगर | श्री विनय मित्तल पुत्र श्री विनोद कुमार | श्री अनिल कुमार मित्तल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार मित्तल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 26 | 1317, चावमण्डी | श्रीमति उषा गुप्ता पत्नि स्व0 विष्णु प्रसाद गुप्ता | श्री विष्णु प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 रघुबीर प्रसाद गुप्ता | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 27 | 222, पूर्वावल्ली | श्री गोपाल कृष्ण शर्मा व बृजकिशोर शर्मा पुत्रगण स्व0 बाल कृष्ण शर्मा | श्रीमति अंगूरी देवी पत्नि श्री बाल किशन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 28 | 194, आदर्शनगर | श्री राजय राचदेवा पुत्र स्व0 विलायती राम राचदेवा | श्री विलायती राम पुत्र स्व0 बेलीराम | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 29 | 290, रामनगर | श्रीमति एकता सैनी पत्नि श्री राजीव सैनी व श्रीमति आरूषी सैनी पुत्री श्री राजीव सैनी | श्री सोहन सिंह पुत्र श्री खेम सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 30 | 455, अम्बर तालाब पूर्वी | श्री वरूण मेहंदीरत्ता पुत्र स्व0 सुभाष चन्द मेहंदीरत्ता | श्री सुभाष चन्द पुत्र श्री रामशरण | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 31 | 76(76) ए, सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब0 (अध्यासी) मौहम्मद आशिक खान पुत्र मौहम्मद यासीन खान एवं मौहम्मद सादिक खान पुत्र श्री मौहम्मद आशिक खान | श्रीमति परवीन बेगम पुत्री श्री इकबाल अहमद पत्नि मौ0 आशिक खान | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 32 | 76 (74), सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब0 (अध्यासी) श्रीमति मनोरमा पत्नि स्व0 आर्थर मसीह | श्री आर्थर मसीह पुत्र बी0 मसीह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 33 | 1524, चावमण्डी | श्री देवेश चौहान पुत्र स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद | श्री संदीप सैनी पुत्र जगपाल सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 34 | 198, पूर्वावल्ली | श्रीमति पूनम आर्य पुत्री श्री ईसपाल पत्नि श्री हरवीर सिंह | श्री ईसपाल पुत्र श्री बुल्हा सिंह | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 35 | 41, राजपूताना परि0 | श्रीमति मृणाल गोयल पत्नि श्री प्रवीण कुमार | श्रीमति गीता रानी पत्नि श्री राकेश कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 36 | 1005, सिविल लाईन | श्रीमति रानो गुप्ता पत्नि श्री आदेश कुमार गुप्ता | श्री बालेश्वर दत्त शर्मा पुत्र श्री चमन लाल शर्मा | शपथ पत्र, विक्रय पत्र |
| 37 | 370 व 371, मकतूलपुरी | श्री दीपक धीमान पुत्र स्व0 श्री तेलूराम धीमान | श्री तेलूराम पुत्र श्री रढामल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 38 | 16, राजपूताना पूर्वी | श्री देवेन्द्र गम्भीर पुत्र श्री नन्दकिशोर गम्भीर व श्रीमति सीमा गम्भीर पत्नि श्री देवेन्द्र गम्भीर | श्रीमति निशा गोयल पत्नि श्री विजेश कुमार गोयल व श्रीमति नीलम गोयल पत्नि श्री आलोक कुमार गोयल व श्रीमति सीमा अग्रवाल पत्नि श्री आशीष कुमार अग्रवाल व श्री पुनीत गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 39 | 245, सिविल लाईन | श्री अशित जैन पुत्र श्री सुनील कुमार | श्री सुनील कुमार जैन व मीनू जैन पुत्र स्व0 विमल प्रसाद जैन | शपथ पत्र, विक्रय पत्र |
| 40 | 1447, रामनगर | श्रीमति अन्जु पत्नि श्री संजय कुमार | श्री सुशील कुमार गुप्ता पुत्र श्री पल्टू मल गुप्ता | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 41 | 763, पूर्वावल्ली | कु0 वसुन्धरा पुत्री श्री आनन्द राठी व श्री कपिराज लाल आनन्द पुत्र श्री आनन्द राठी | श्री मनोज भारती पुत्र डी0 सी0 सक्सेना | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 42 | 297, नेहरूनगर | दीपांशु अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष चंद अग्रवाल | श्री हेमन्त गुप्ता पुत्र श्री राजकुमार गुप्ता व श्री अंकुर जिन्दल पुत्र श्री रमेश चन्द जिन्दल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 43 | 884/ए, माहिग्रान | श्रीमति शहराना पत्नि मौ0 फरमान अली | मौ0 फरमान अली पुत्र मौ0 इस्तकार | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 44 | 628 (1-4), रामनगर | श्रीमति पूजा चढढा पत्नि स्व0 नितिन चढढा | श्री नितिन पुत्र श्री इंद्रमोहन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 45 | 402, गणेशपुर | श्री दीपक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री श्रवण कुमार | श्रीमति कुसुम देवी पत्नि स्व0 श्री श्रवण कुमार | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 46 | 171, मकतूलपुरी | श्री अशोक कुमार पुत्र स्व0 श्री रामचन्द व सतीश कुमार पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र | श्री रामचन्द पुत्र श्री फतेह चन्द | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 47 | 30, गणेशपुर | श्रीमति नीरज शर्मा पत्नि श्री विनीत कुमार | श्री रोशन दत्त शर्मा पुत्र स्व0 श्री कृपाल दत्त शर्मा | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 48 | 947, सिविल लाईन | श्री अर्जुन बत्रा व सिद्धार्थ बत्रा पुत्रगण श्री प्रदीप बत्रा | श्रीमति ईश्वरी देवी पत्नि श्री राम प्रकाश | शपथ-पत्र, वसीयत-पत्र |
| 49 | 494/1, अम्बर तालाब पूर्वी | मौ0 अय्यूब पुत्र श्री लियाकत | मौहम्मद अकरम पुत्र मौहम्मद सद्दीक | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 50 | 132, अम्बर तालाब पूर्वी | श्री रमनजीत सिंह व रमनप्रीत सिंह पुत्रगण श्री अमरजीत सिंह | श्रीमति रामकली पत्नि श्री दौलत राम | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 51 | 988/1, रामनगर | मैसर्स एस के डी डवलपर्स रजि0 ऑफिस मकान नम्बर 60 गली नं0 02 रामनगर रूडकी जिला हरिद्वार द्वारा पार्टनर श्री चरणजीत सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह निवासी 402 अशोक मार्ग रामनगर रूडकी परगना व तहसील रूडकी जिला हरिद्वार व प्रमोद मिगलानी पुत्र श्री ओमप्रकाश मिगलानी | श्रीमति स्नेह नागलिया पत्नि श्री जितेन्द्र नागलिया | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 52 | 64, मकतूलपुरी | श्री विशाल गोस्वामी पुत्र श्री कृष्ण गिरी | श्री धीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री ब्रजमोहन सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 53 | 68, मकतूलपुरी | श्रीमति उर्वशी गोस्वामी पत्नि श्री विशाल गोस्वामी | श्रीमति सुषमा रानी पत्नि स्व0 विरेन्द्र सिंह | शपथ पत्र, विक्रय पत्र |

कर-लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर-अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

थोक दवा विक्रेताओं व कंपनियों के औचक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर

# पांच मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस होंगे सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अपर आयुक्त के निर्देशानुसार ड्रग्स कंट्रोल विभाग की टीम द्वारा डी.डी.सी. श्री हेमंत सिंह नेगी के नेतृत्व में रामपुर चुंगी, रूड़की क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं एवं दवा निर्माण कंपनियों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने रामपुर चुंगी क्षेत्र के आसपास स्थित दर्जनभर मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं एवं दवा निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान पाँच जीवन रक्षक दवाओं के नमूने लिए गए तथा मेडिकल स्टोर्स पर गंभीर अनियमितताएँ



पाए जाने के कारण पाँच मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए जाने की संस्तुति दी गई। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान एक दवा निर्माण कंपनी का भी औचक निरीक्षण किया गया, जो बीटा एवं नॉन-बीटा श्रेणी की दवाओं का निर्माण करती है। निरीक्षण में कई कमियाँ पाई

**❖ड्रग्स कंट्रोल विभाग की टीम ने डीसी के नेतृत्व में रुड़की क्षेत्र में निरीक्षण से मची कंपनियों व स्टोर स्वामियों में खलबली**

गईं, जिन्हें तुरंत सुधारने के निर्देश दिए गए। यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि भविष्य में निर्माण कार्य जीएमपी मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो कंपनी का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। डी.डी.सी. श्री हेमंत सिंह नेगी ने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए दवा निर्माण एवं भंडारण कार्य निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुसार किया जाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि क्रय एवं विक्रय से संबंधित सभी रिकॉर्ड सही रूप से संधारित किए जाएँ। साथ ही, नारकोटिक दवाओं का वितरण केवल चिकित्सक के वैध नुस्खे पर एवं फार्मासिस्ट की उपस्थिति में किया जाए। किसी भी अपरिचित व्यक्ति से दवाएँ न खरीदी जाएँ तथा दवाओं की खरीदारी के समय वैध बिल अवश्य लिया जाए, ताकि नकली दवाओं के अवैध व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। ड्रग्स विभाग द्वारा निर्माण इकाइयों एवं विक्रय संस्थानों का निरीक्षण कार्य निरंतर जारी रहेगा। निरीक्षण टीम:1. डीडीसी ख्र श्री हेमंत सिंह नेगी 2. वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार 3. वरिष्ठ औषधि निरीक्षक श्रीमती अनीता भारती 4.औषधि निरीक्षक मनेंद्र सिंह राणा 5.औषधि निरीक्षक हरीश सिंह 6.औषधि निरीक्षक कु. मेघा 7.औषधि निरीक्षक निधि रतूड़ी 8.औषधि निरीक्षक निशा रावत आदि।

# पूर्व पार्षद समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पूर्व पार्षद समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों पक्षों में चुनावी रंजिश चली आ रही है।

जानकारी के अनुसार रुड़की कोतवाली को मोहल्ला इस्लामनगर माहीग्रान निवासी सिबगतुल्लाह ने तहरीर देकर बताया कि सगी भाभी पार्षद है। जबकि पूर्व पार्षद अफजाल चुनाव हारने के बाद से रंजिश रख रहा है। आरोप है कि पूर्व में भी चुनावी रंजिश को लेकर विवाद किया जा चुका है। पीड़ित ने बताया कि रविवार को भाई स्कूटी पर रात के वक्त मच्छी मोहल्ला की ओर जा रहा था। तभी पूर्व पार्षद अफजाल ने कार से भाई को टक्कर मार दी। विरोध करने पर भाई के साथ मारपीट की गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर आ पहुंचे थे।

वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अफजाल, चांद और मदीर निवासी रुड़की के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

निर्वाचन कार्यालय में तैनात कर्मी के अभद्रता करने पर

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत एक कर्मी के खिलाफ मंगलौर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कर्मी के खिलाफ कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

मंगलवार दोपहर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की। लेकिन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उन्हें नहीं मिले तो वह वहां से अपने घरों की ओर लौट गई। उत्तरांचल राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी पंचायत के नेतृत्व में यूनियन



अध्यक्ष फातमा बेगम के साथ सैकडो की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंगलवार दोपहर काफी संख्या में रुड़की तहसील पहुंची।

**❖काफी तादाद में बीएलओ ने मिलकर तहसील में ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ की कार्यवाही की मांग।**

जहां उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यालय तहसील रुड़की में कार्यरत कर्मी सभी बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार करता है। उन्हें एकांत में अपने कार्यालय तहसील रुड़की में आने के लिए बुलाता है। ड्यूटी टाइम 5 बजे के बाद शाम 6 और 7 बजे तक सभी कार्यालय बंद हो जाते हैं तब भी उन्हें जबरन कार्यालय में रोकने का दबाव बनाता है। आरोप लगा है कि ड्यूटी हटवाने या लगवाने के बदले में रिश्वत मांगी जाती है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उक्त कर्मी के खिलाफ कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय में भेजी है।

# चाय की दुकान पर काम करता मिला 13 वर्षीय किशोर, दुकानदार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बाल मजदूरी पर वार कर 13 साल के बच्चे को लेबर इंस्पेक्टर और चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मियों ने मुक्त कराया है। जबकि दुकानदार के खिलाफ भगवानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। कार्रवाई से भगवानपुर कस्बे की दुकान और प्रतिष्ठान आदि में हड़कंप मचा रहा।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर । जून से 31 अगस्त तक बाल एवं किशोर श्रम के खिलाफ अभियान चल रहा है। सोमवार को भगवानपुर क्षेत्र में जिला टास्क फोर्स ने अभियान चलाया। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी रुड़की नवीन चंद्र कुरील, महिला हेड कांस्टेबल बीना गोदियाल, विनीता सेमवाल, एंटी ह्यूमन शाखा हरिद्वार से मुस्तफिजुररहमान चाइल्ड हेल्पलाइन रुड़की से आमिर त्यागी और सुंदर शामिल रहे।सोमवार दोपहर 1:30 बजे न्यू भारत स्वीट्स एंड नमकीन चुड़ीयाला रोड भगवानपुर के यहां टीम पहुंची। जहां टीम ने 13 साल के बच्चे को जो मक्खनपुर भगवानपुर का रहने वाला था काम करता मिला। बच्चा वहां पर साफ सफाई, चाय देने और बर्तन धोने का काम कर रहा था। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि वह यहां कुछ टाइम से कम कर रहा है। जिसके बाद टीम ने दुकान स्वामी मन्नान निवासी सोहलपुर गाड़ा नन्हेड़ा आनंदपुर के खिलाफ भगवानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। जबकि बच्चे को मौके पर परिवार को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। टीम की कार्रवाई से भगवानपुर कस्बे में ढाबे, होटल, दुकान, बाइक, कार मिस्त्री आदि जगहों पर हड़कंप मचा रहा। लेबर इंस्पेक्टर अनिल कुमार पुरोहित ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 10 साल से बंद पड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना खंडहर

## 15 हजार ग्रामीण आज भी इलाज को मोहताज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रूडकी/भगवानपुर।** नारसन ब्लॉक के भगवानपुर चंदनपुर गांव में करीब 10 साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। जिस इमारत से ग्रामीणों को इलाज की उम्मीद थी, वहां अब घास-फूंस उग आई है, और दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। 'ट्रिपल इंजन की सरकार' होने के दावों के बावजूद यह स्वास्थ्य केंद्र आज तक शुरू नहीं हो पाया। लगभग 15 हजार की आबादी वाला यह गांव और इसके आसपास के दर्जनों गांव स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार एक ओर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने की बात करती है, लेकिन यहां जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह भवन वर्षों से यूं ही वीरान पड़ा है। कभी डॉक्टर, नर्स या स्टाफ की कोई तैनाती नहीं हुई। अब तो इमारत जर्जर होने लगी है और हर ओर लापरवाही साफ दिखाई देती है। जब इस मामले को लेकर मीडिया ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा तो जवाब देने की बजाय सवालों से बचते नजर आए। क्या सरकार और उसके नुमाइंदे तब जागेंगे जब यह भवन पूरी तरह से ढह जाएगा?

दीपक (चौकीदार) ने कहा कि 10 साल हो गए साहब, यहां कभी कोई डॉक्टर नहीं आया, हम तो सिर्फ ताले की रखवाली कर रहे हैं। शबान अली (ग्रामीण) ने बताया कि गांव में बुखार हो या हादसा, हमें 10-15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जब इमारत बन गई तो चालू क्यों नहीं? नौशाद अली (ग्राम प्रधान) ने कहा कि हम कई बार अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है, काम कुछ नहीं होता। सवाल सरकार से क्या करोड़ों की जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही बर्बाद होती रहेगी? कब जागेंगे जिम्मेदार? क्या इस खंडहर को दोबारा उम्मीदों का केंद्र बनाया जाएगा? जरूरत है अब सिर्फ औपचारिकताओं की नहीं, ईमानदारी से फैसले की। यह मांग नहीं ग्रामीणों का हक है।

# कोचिंग जा रहे छात्र का ईंट से सिर फोड़ा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** छात्र पर रास्ते में कोचिंग जाते वक्त चार युवकों ने ईंट से हमला कर सिर फोड़ दिया। लहूलुहान हालत में छात्र ने अपने परिवार को घटना की सूचना दी। परिवार ने घायल छात्र का उपचार कराकर पुलिस देकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कराया। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद बुरहान निवासी सती मोहल्ला ने तहरीर देकर बताया कि पुत्र सोमवार को नीले पुल के पास से होकर कोचिंग जा रहा था। तभी रास्ते में पुत्र को चार युवकों ने रोक लिया। पुत्र कुछ समझ पाता उससे पहले ही युवकों ने हाथ में ली ईंट से पुत्र का सिर फोड़ दिया। लहूलुहान होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद हमलावर खुद को भीड़ से घिरता देख आइंदा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि छात्र पर हमले में शामिल युवकों की तलाश जारी है।

# दवाइंडिया जेनेरिक फार्मेसी मेडिकल स्टोर का विधायक ममता राकेश ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम संवाददाता**

**भगवानपुर।** मंगलवार को विधायक ममता राकेश ने गागालेहडी चौक के समीप दवाइंडिया जेनेरिक फार्मसी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ममता राकेश ने कहा कि सस्ते दामों पर लोगों को दवा उपलब्ध कराएं ताकि गरीब से गरीब लोग पूर्ण रूप से रोग का ईलाज करा सकें और उनकों दवा दुकान से लाभ मिले। गरीब की सेवा करना ही इंसान का धर्म है। दवाइंडिया जेनेरिक फार्मसी मेडिकल स्टोर के स्वामी ने कहा कि हर तरह



की हमारे स्टोर पर उपलब्ध है। इस मौके पर फारूक प्रधान, दीपक कुमार, कादिर, अरविंद कुमार, वैभव, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# देवरानी पर दो वर्षीय बेटी को जादू टोना के जरिए मारने का आरोप

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी एक महिला द्वारा अपनी देवरानी पर अपनी दो वर्षीय बेटी पर जादू टोना कर मारने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। कस्बा निवासी एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी देवरानी जादू टोटके का काम करती है। उसकी देवरानी ने उसकी दो वर्षीय बेटी पर जादू टोटके कर उसे मार दिया है। महिला ने अपनी दो वर्षीय बेटी की मौत की जिम्मेदार अपनी देवरानी को बताया है। थाना अध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**खोया पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की प्रार्थिया की भूमि स्थित मौजा ग्राम मलकपुर लतीफपुर अंदर हदूद तहसील रुड़की की एक पुरानी वसीयत सं. 168 बही नं. 03, जिल्द नं. 141 पेज नं. 353 से 364 दिनांक 31-08-2020 सब रजिस्टार रुड़की वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य के लिए अवैध होगा।

**श्रीमती सुरुची रानी पत्नी अनुज कुमार नि. हाल निवास आदर्श नगर रुड़की, परगना व तह रुड़की, जनपद हरिद्वार। मोबाइल नं. 9368715864**

# लगातार सात-आठ घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव में मंगलवार को लगातार 7 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र की लगभग 50000 जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे दिन लोगों का जहां गर्मी से बुरा हाल रहा वहीं कस्बे में लगे लघु उद्योग धंधे भी ठप होकर रह गए। झबरेडा कस्बा के साथ-साथ ग्राम भक्तोंवाली, साबतवाली,लोदीवाला, खड़खड़ी,डेलना,खजूरी, मानकपुर आदमपुर,शीतलपुर,कुशालीपुर,लाउरदेवाहुन आदि गांव में मंगलवार को लगातार 7 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से उक्त गांव के लगभग 50000 लोगों को विद्युत आपूर्ति का दंश झेलना पड़ा। कस्बा व क्षेत्रवासी चौधरी बिरम सिंह डॉक्टर जोध सिंह महावीर सैनी यशबीर सिंह रोहित कुमार जमशेद मलिक इंद्रेश कुमार मुकेश कश्यप सुनील कुमार चेतन आदि का कहना है कि सोमवार को सुबह 8 बजते ही विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे बंद होने के बाद दोपहर बाद 3 बजे विद्युत आपूर्ति हो पाई। पूरे दिन विद्युत आपूर्ति न होने से जहां हजारों लोगों का गर्मी के कारण बुरा हाल रहा वही कस्बे में लगे लघु उद्योग धंधे चौपट होकर रह गए।

# पत्नी ने पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**रुड़की।** महिला ने अपने पति के खिलाफ धोखाधड़ी करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। रुड़की कोतवाली को महिला ने बताया कि साजिद निवासी बेल्डा से मई 2016 में निकाह हुआ था। इसके बाद पति ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोप है कि पति ने उसके फर्जी हस्ताक्षर कराकर कई व्यक्तियों से पैसा ले रखा है और धोखाधड़ी व अन्य गलत गतिविधियों में भी शामिल है। आरोप है कि पति ने एक नाबालिग से भी निकाह कर रखा है।

# चार लोगों पर युवती के अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ अपनी पुत्री का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बेहड़ेकी सैदाबाद निवासी बीना देवी पत्नी सुधीर द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस में अनूपा देवी पत्नी सुमित का घर है । अनुपा देवी के यहां उसके चचेरे भाई सानू त्यागी व चचेरी बहन बुलबुल निवासी ग्राम रई थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का आना जाना हो गया था। इसी के चलते उसकी पुत्री जूही की जान पहचान बुलबुल से हो गई थी। 28 जुलाई सोमवार सुबह लगभग 5:00बजे जब वह तथा उसकी पुत्री जूही इकबालपुर मार्ग पर वॉक कर रहे थे उसी समय एक सफेद रंग की कार उनके बराबर में आकर रुकी उस कार में सानू त्यागी बुलबुल तथा दो अज्ञात लोग बैठे थे। कार में सवार उक्त लोगों ने मेरी पुत्री जूही को जबरदस्ती उठाकर कार में डालकर ले गए उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी ना हो इसी की आशंका से पुलिस से मदद की गुहार लगाई है थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# जांच अधिकारियों के सामने शिकायतकर्ता से मारपीट व धमकी का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** डोशनी गांव में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच करने पहुंचे ब्लॉक अधिकारियों के सामने ही शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार पर मारपीट और धमकाने का आरोप लगा है। रविंद्र ने पुलिस में लिखित शिकायत देकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और इस पूरे मामले की उच्च अधिकारियों की निगरानी में जांच कराने का आग्रह किया हैरविंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने डोशनी की ग्राम प्रधान के विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार से शिकायत की थी। ब्ल्क ने इस मामले की जांच के लिए ब्लॉक लक्सर के अधिकारियों को आदेश दिए थे।आज, ब्लॉक के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी जांच के लिए डोशनी गांव पहुंचे थे। रविंद्र के अनुसार,उन्होंनेअधिकारियों से आग्रह किया था कि जांच के दौरान ग्राम प्रधान को मौके पर उपस्थित रहना चाहिए। हालाँकि, प्रधान वहां नहीं थीं, बल्कि उनके पति क्छ गुंडा तबके के लोगों के साथ मौजूद थेरविंद्र का आरोप है कि इन लोगों ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की और जांच प्रक्रिया में बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जांच करने आए ब्लॉक अधिकारी बिना जांच पूरी किए ही मौके से वापस लौट गए। इस घटना के बाद, रविंद्र कुमार ने मजबूर होकर आध



ा दर्जन व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। उन्होंने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और यह भी जोर दिया है कि मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसकीजांचउच्चअधिकारियों की निगरानी में ही होनी चाहिए।

# खेतों में लगे ट्रांसफार्मर व ट्यूबवेल की मोटर लगातार हो रही चोरी किसानों ने बिजली विभाग व पुलिस पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** खेतों में लगे ट्रांसफार्मर चोरी होने की बढ़ती घटनाओं के संबंध में भारतीय किसान यूनियन (रोड) कार्यकर्ता विद्युत विभाग और पुलिस के अधिकारियों से मिले। उन्होंने विद्युत विभाग कर्मियों पर मिलीभगत का और पुलिस पर गश्त न करने का आरोप लगाया।

रुड़की विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता अमित कुमार के कार्यालय किसानों के साथ पहुंचे भारतीय किसान यूनियन रोड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड ने बताया कि ढंडेरी ख्वाजीपुर में खेतों में लगे ट्रांसफार्मर और ट्यूबवेल मोटर लगातार चोरी हो रहे हैं। रोड के अनुसार अब तक तीन ट्रांसफार्मर और 15 से अधिक मोटर चोरी हो चुके हैं। आरोप लगाया कि इन घटनाओं में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत है क्योंकि उनके द्वारा विद्युत लाईन में फाल्ट बताते हुए कई घंटे तक शटडाउन लेते हैं और फिर वारदात हो जाती है। वहीं मामले में अधीक्षण अभियंता ने जांच करवाकर कारवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद भाकियू पदाधिकारी एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल से मिले। किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गश्त न होने के कारण चोरी की वारदाते बढ़ती जा रही हैं। वहीं एसपी देहात ने कहा कि कांवड़ मेले में पुलिस वहां की व्यवस्था



में लगी थी लेकिन अब क्षेत्र में गश्त बढ़ाकर चोरी की वारदातों को रोका जाएगा और हो चुकी घटनाओं का खुलासा करेंगे। इस अवसर पर वेदपाल सिंह, कृष्ण पाल, बिजेंदर, सुशील कुमार, संत कुमार, अशोक कुमार, अनुज कुमार, अक्षय, ऋषि सेवाराम, सोनू शर्मा, हरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि किसी के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध को रोका गया, वह पूरी तरह गलत है। भारत ने किसी के दबाव में आकर कोई फैसला नहीं लिया। जाहिर है, जब वह ऐसा कह रहे थे उनके कहने का मतलब यही था कि यदि कोई युद्ध रोकने का श्रेय लेना चाह रहा है, तो यह सही नहीं है। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह भी बताया कि यह मानकर चलना कि भारत के साथ उस युद्ध में कोई नहीं था यह भी एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि 193 देशों में से मात्र एक-दो देश ही पाक के साथ खड़े थे, जबकि विश्व के अन्य देशों का व्यापक समर्थन भारत के साथ था।

उन्होंने कांग्रेस पर यह कहकर कटाक्ष किया कि कांग्रेस बराबर सरकार विरोधी व सेना विरोधी काम करती रही है। पीएम मोदी के अनुसार भारत ने अपने तमाम लक्ष्य हासिल किए और पाकिस्तान को घुटनों पर लाया गया। पाकिस्तान की पेशकश पर ही युद्ध को रोका गया था। उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी जोरदार हमला यह कहकर सरकार पर बोला था कि सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है और उसने सेना के हाथ बांध रखे हैं। उन्होंने कहा था कि जब पाक पर हमला करने से पहले ही हमारे विदेश मंत्री ही उनके सूचित करेंगे और बताएंगे कि भारत केवल हमला चुनिंदा ठिकानों पर करेगा, उनमें पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान शामिल नहीं होंगे। उससे संकेत क्या मिलता है यही कि सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। राज्यसभा में ही जोरदार चर्चा देखने में आई वहां नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा कि सरकार ने अपने व्यापारिक मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर सीज फायर पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि व्यापार ही वही कारण था जिसकी धमकी देकर उन्होंने भारत को मजबूर किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर युद्ध विराम की घोषणा ट्रम्प की तरफ से पहले कैसे आई।

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर चूक का मामला भी सामने आया और सपा के अखिलेश यादव ने खुलकर कहा कि यह सुरक्षा चूक है और इसमें गृहमंत्री को अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए। यह भी इत्तेफाक ही रहा कि एक दिन पहले ही तीन आतंकवादी जम्मू कश्मीर में हुई एक मुठभेड़ में मारे गए, उनके बारे में गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि यह तीनों आतंकी ही पहलगाम की घटना में शामिल थे और ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर थे। इस पर भी विपक्ष ने इस मुठभेड़ की टाइमिंग पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से जोरदार बहस देखने में आई, जिसकी जनता बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रही थी। बहस किसके पक्ष व विपक्ष में रही यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है कि सभी पक्ष अपने विचारों को खुले मंच से मजबूती के साथ रखें।

## सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए



पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमले में, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था, युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, लोकसभा के प्रत्येक सदस्य ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था, विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे, सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है, सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए, जैसी ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। -राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा

# दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी

## भारत की कूटनीति की परीक्षा





वाहिद नसीम

भारत आज एक ऐसे कूटनीतिक जाल में फंस चुका है, जहां हर कदम आर्थिक और रणनीतिक बर्बादी की ओर ले जाता है। एक तरफ नाटो देशों (अमेरिका, यूरोप) का विशाल बाजार और हथियारों की चमक, दूसरी तरफ रूस और चीन की उभरती धुरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता अब एक खोखला नारा बनकर रह गया है, और इसका सबसे बड़ा सबूत है हमारी विदेश नीति की कमजोरी, जो हमें इन महाशक्तियों के बीच लटका रही है।

इस जाल में तेल और तेल उत्पादों का निर्यात, जिसमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की भारी हिस्सेदारी है, भारत की आर्थिक रीढ़ का अहम हिस्सा है।

### निर्यात का संकटः तेल और अंबानी का दबदबा

2023-24 में भारत का कुल निर्यात 447 बिलियन डॉलर था। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी 17.5 प्रतिशत (लगभग 67.6 बिलियन डॉलर) थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिसका नेतृत्व मुकेश अंबानी करते हैं, भारत के पेट्रोलियम निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा निर्यातित करती है, यानी लगभग 33.8-40.6 बिलियन डॉलर। इसका मतलब है कि भारत के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 7.6-10 प्रतिशत तक है।

### फार्मास्यूटिकल उत्पाद

ये उत्पाद भी महत्वपूर्ण हैं, जो कुल निर्यात का 6.8 प्रतिशत (30.5 बिलियन डॉलर) है। नाटो देश (अमेरिका, यूरोप, यूके) भारत के कुल निर्यात का 35-38 प्रतिशत (156-170 बिलियन डॉलर) हिस्सा लेते हैं। यदि भारत नाटो को छोड़कर रूस-चीन के साथ जाता है, तो 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर) का नुकसान होगा। इसमें पेट्रोलियम निर्यात का 20-30 प्रतिशत (13.5-20.3 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस का बड़ा हिस्सा) और फार्मा का 50-55 प्रतिशत (15.25-16.78 बिलियन डॉलर) प्रभावित होगा।

रूस और चीन इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। चीन को निर्यात मात्र 3.6 प्रतिशत (16 बिलियन डॉलर) और रूस को 1 प्रतिशत (4-5 बिलियन डॉलर) है। रिलायंस, जो भारत के रूसी कच्चे तेल आयात का 25 प्रतिशत (2024-25 में 17 बिलियन डॉलर) संभालती है, यूरोप को रिफाइंड ईंधन निर्यात में अग्रणी है। लेकिन रूस-चीन खेमा न तो बाजार दे सकता है, न ही भारत की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता। फार्मा उद्योग में 60-70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, लेकिन नाटो के साथ टकराव से विशेष रसायनों का आयात रुक सकता है, जिससे उत्पादन ठप हो सकता है।

### रक्षा क्षेत्रः रूस के बिना लाचार

रक्षा के मोर्चे पर भारत की हालत और भी नाजुक है। भारत के 85 प्रतिशत हथियार रूस से आते हैं सुखोई मिसाइल सिस्टम। यह हथियार चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से मुकाबले की रीढ़ हैं। रूस को छोड़ने पर 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी हो सकती है। अमेरिका, फ्रांस और इजराइल से इनकी जगह लेने में 10-15 साल लगेंगे। राफेल (36 विमान) और अपाचे जैसे हथियार रूसी हथियारों का विकल्प नहीं बन सकते और इनकी लागत आसमान छूती है। स्वदेशी परियोजनाएं तेजस, AMCA अभी कच्ची हैं, और रूस की जगह लेने में दशकों लगेंगे।

मुकेश अंबानी की रिलायंस न केवल तेल निर्यात में दबदबा रखती है, बल्कि भारत के रूसी तेल आयात में भी अहम भूमिका निभाती है। 2024-25 में भारत का रूस से तेल आयात 68 बिलियन डॉलर था, जिसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत थी। यह ताकत भारत की कूटनीति को और जटिल बनाती है। नाटो के साथ टकराव से निर्यात बाजार (विशेष रूप से यूरोप) को नुकसान होगा, और रूस-चीन के साथ जाना भी कोई स्थाई हल नहीं, क्योंकि चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी है और रूस की अर्थव्यवस्था सीमित।

भारत की सबके साथ, किसी के खिलाफ नहीं वाली नीति अब उसका गला घोंट रही है। दुनिया दो लकीरों में बंट चुकी है और भारत की तटस्थता इसे कहीं का नहीं छोड़ रही। नाटो के साथ रहने का मतलब रूस से दूरी, और रूस-चीन के साथ जाने का मतलब आर्थिक और सैन्य नुकसान।

**क्या है रास्ता?**

भारत को अब चालाकी छोड़कर ठोस रणनीति चाहिए। रूस के साथ रक्षा सौदों को बनाए रखते हुए नाटो के साथ व्यापार संतुलित करना होगा। रिलायंस जैसे निजी खिलाड़ियों को वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। स्वदेशी रक्षा और फार्मा उत्पादन PLI योजना, बल्क ड्रग पार्क में तेजी लानी होगी, लेकिन यह सब समय मांगता है, और समय भारत के पास कम है।

भारत की विदेश नीति एक तंग गली में फंस चुकी है। नाटो को छोड़ने से 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस की 7.6-10 प्रतिशत हिस्सेदारी) और 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी होगी। रूस-चीन के साथ जाना भी कोई हल नहीं, क्योंकि उनका बाजार और ताकत सीमित है। रिलायंस की तेल निर्यात में 50-60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ताकत है, लेकिन यह ताकत कूटनीतिक कमजोरी के सामने बेकार साबित हो रही है। भारत को अब रणनीतिक स्वायत्तता को नारा नहीं, हकीकत बनाना होगा, वरना यह जंजाल हमें आर्थिक और सैन्य रूप से लाचार कर देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश नीति पर बहुत बारीक अध्ययन रखते हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन से आल्पस क्षेत्र में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नॉट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए, जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्पस में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनको पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नॉट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में है और ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।



-स्रोत फीचर्स

# वायु प्रदूषण से स्मृति लोप का बढ़ता खतरा



ललित गर्ग

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिए न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है।

हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। यह निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी 25 वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएं और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुंचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहां तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आंकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गंवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसी नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है।

शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन

## गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप, अब तक सात देशों ने कट्टर मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध

**वेल्डकैंप ने कहा: इन मंत्रियों ने दिया फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा**



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। एमपी विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है, अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार की वकालत की है और गाजा में जातीय सफाए की बात कही है। वेल्डकैंप ने यह भी कहा कि नीदरलैंड में इजरायली राजदूत को तलब किया जाएगा और उनसे अपील की जाएगी कि वे नेतन्याहू सरकार से अपना रवैया बदलने को कहें। उन्होंने मौजूदा हालात को बुरा बताते हुए कहा कि नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार है। अक्टूबर 2023 में इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 147 लोग भुखमरी से मारे जा चुके हैं। नीदरलैंड के इस फैसले पर इजरायली मंत्री इतमार बेन ग्विर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंगलवार को कहा कि चाहे उन्हें पूरे यूरोप में घुसने से रोक दिया जाए, वे इजरायल के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने हमास को खत्म करने और इजरायली सैनिकों का समर्थन करने की मांग की। उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वहां हमेशा पीड़ितों को ही दोषी ठहराया जाता है। बेन-ग्वीर ने कहा कि यूरोप एक ऐसी जग वेल्डकैंपह है जहां आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाता है और आतंकवादियों का स्वागत होता है। वहां आतंकवादी आजाद घूम रहे हैं और यहूदियों का बहिष्कार किया जा रहा है। बेन-ग्वीर पहले इजरायल में नस्लवाद भड़काने और एक आतंकवादी संगठन का समर्थन करने के मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। हालांकि अब वह इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं और स्मोट्रिच वित्त मंत्री हैं।

**नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार**

गौरतलब है कि इजरायली मंत्रियों बेन ग्विर और स्मोत्रिच की एंट्री पर बैन लगाने वाला नीदरलैंड एकलौता देश नहीं है। इससे पहले 9 जून को आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नार्वे और ब्रिटेन ने भी एकसाथ उन पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन पांचों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इन मंत्रियों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके बाद 17 जुलाई को स्लोवेनिया ने इन दोनों मंत्रियों पर बैन लगा दिया था।

## लंदन में छुरा घोंपने की घटना में दो की मौत

**लंदन।** मध्य लंदन में टावर ब्रिज के पास छुरे से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि कंट्रोल रूम को लंदन के साउथवार्क बरो में ब्रिज के पास एक सड़क पर कई हमलों की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक इकाई में कई लोगों पर हमला किया गया है। पुलिस और एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज किया।



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बायकुला चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर 'शक्ति' को देखते लोग।

## अमेरिका में भी ड्रीमलाइनर से मिला मेडे कॉल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने 'मेडे काल' (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है।

पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमानश टेकआफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है। यूनाइटेड एयरलाइंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया।

**आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान हुआ था क्रैश**

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा: ट्रम्प

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फलस्तीनियों की मदद के लिए वहां 'खाद्य केंद्र' खोलेगा। ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया।

### म्यांमार में बाढ़ आने पर 2200 से अधिक लोगों को बचाया

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार में शान प्रांत के चार शहरों में बाढ़ में घिरे 461 घरों के कुल 2267 लोगों को बचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग के मुताबिक सोमवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ आने से यात्सौक, औंगबन, कलाव और पिडया कस्बे प्रभावित हुए हैं। पिडया कस्बे में मंगलवार सुबह बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीमों ने बचाए गए लोगों को मठों और खेल के मैदानों में स्थानांतरित किया है।

## ग्रैंड मुफ्ती बोले: निमिषा की मौत की सजा रद्द

**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के आफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। यह भी पहली बार था कि जब मृतक के परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई थी। यह मृतक के परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।



**विदेश मंत्रालय ने नकारा, भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है, मौत की सजा पर संशय गहराया**

# ब्रिटिश सेना में भी जल्द होगी सिख रेजिमेंट

## ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बोले: हम इसके गठन पर विचार कर रहे, गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर बनेगी

**लंदन।** ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन राडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे।

सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखो की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि वे इस विषय पर सहोता से मिलना चाहेंगे और जानना चाहेंगे कि सिखों और अन्य धर्मों के सैनिकों के योगदान को पहचान देने के लिए और क्या किया जा सकता है। सिख रेजिमेंट की स्थापना ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। रक्षा मंत्री कोकर ने कहा: 'मैं लार्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।' कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही।

**कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान-डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही**

यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई। यानी ब्रिटिश सेना में सिखों की मौजूदगी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब भी यह बहुत कम है। ब्रिटिश सेना में सिख रेजिमेंट की मांग कोई नई बात नहीं है।

2015 में, तत्कालीन रक्षा मंत्री मार्क फ्रांस्वा ने हाउस आफ कामन्स में बताया था कि सेना प्रमुख जनरल निकोलस कार्टर एक सिख यूनिट लाने पर विचार कर रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री सर निकोलस सोम्स ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि राजनीतिक औपचारिकता को छोड़कर सिख रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सिख समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही वीरता और विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की थी।

# बेटों को पाकिस्तान नहीं आने देंगे इमरान खान

## पांच अगस्त को पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे सुलेमान खान और कासिम खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने बेटों को पाकिस्तान आने और किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। इससे पहले इमरान की बहन, अलीमा खान ने दावा किया था कि उनके भतीजे अपने पिता की रिहाई के लिए 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, खान ने साफ किया कि उनके बेटे न तो पाकिस्तान आएंगे और न ही किसी प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के बेटे, सुलेमान खान (28) और कासिम खान (26), हाल ही में अमेरिका में थे, जहां उन्होंने अपने पिता की रिहाई के लिए अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की थी। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे इमरान खान को आजाद करो अभियान नाम दिया है। इमरान की बहन अलीमा खान ने भी मीडिया से कहा कि इमरान ने पीटीआई को निर्देश दिया है कि उनकी या उनकी पत्नी की सुरक्षा को खतरा होने पर मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि पार्टी का सुलेमान और कासिम से कोई संपर्क नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पिता से मिलने का अधिकार है। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सुलेमान और कासिम ने एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल से मुलाकात की थी। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को षराजनीतिक उत्पीड़नष करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई थी। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा था कि कैलिफोर्निया (सुलेमान और कासिम) में आपका स्वागत है। सुलेमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं था जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बेहतर रिश्ते थे। इमरान खान कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे।




## ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

**टर्नबेरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्काटलैंड में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितम्बर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है।

# इजरायली हमलों में 30 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** इजरायल के जंगी हवाई जहाजों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 30 फ़लस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस शिविर में बने अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि मारे गए लोगों में जयादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह बमबारी नुसेरत इलाके के उत्तर में बने 'न्यू कैंप' क्षेत्र में की गई। यह मध्य गाजा के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। अस्पताल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुबह के समय एक के बाद एक हुए इन हमलों में घरों को निशाना बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि बिना हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। एक हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। उस वक्त पूरा परिवार घर के अंदर ही था। एक स्थानीय फ़लस्तीनी मोहम्मद अल-हूर ने शिन्हुआ को बताया कि इलाके में 'एक घंटे' से जयादा समय तक लगातार गोलाबारी होती रही। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि इज़रायली सेना ने नुसेरात के उत्तर-पूर्व में अल-मुगरका क्षेत्र और वादी ब्रिज के पास ज़मीनी हमले में आवासीय इलाकों के बाहरी क्षेत्रों को टैंकों और भारी तोपखाने से निशाना बनाया।

**गाजा में अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाया**

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

## देश में वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग

**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी।

चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही। जिन माता-पिता के पास तीन साल से छोटे बच्चे हैं, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डालर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है। पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी। लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी।



**चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी**

## चीन में बाढ़ व भूस्खलन से 34 की मौत

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है।

ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजिंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। बीजिंग में दर्जनों सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह तस्वीर मियुन जिले में उफनती नदी के पास एक सड़क की है। बीजिंग प्रशासन ने सोमवार रात 8 बजे टॉप लेवल इमरजेंसी रिस्पान्स जारी किया।

**बुलडोजर पर चढ़ाकर लोगों को सुरक्षित निकाला, 80 हजार लोगों का रेस्क्यू किया**

इसके तहत सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य और बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। चीन सरकार ने हपेई प्रांत को 50 मिलियन युआन की इमरजेंसी सहायता भेजी है। साथ ही चेंगदे, बाओडिंग और झांगजियाकौ जैसे प्रभावित शहरों में राहत कार्यों के लिए केंद्रीय टीमें रवाना की गई हैं। इससे पहले प्रशासन ने मियुन जिले के एक प्रमुख जलाशय से पानी छोड़ने का फैसला किया। यह 1959 में बना था। तब से पहली बार इसका जलस्तर सबसे ज्यादा हो गया था।